Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 315 | रविवार, 16 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


### 'इंडोनेशिया को ब्रह्मोस बेचने पर समझौता जल्द'

# राजनाथ बोले- पाकिस्तान में तबाही मचाने के बाद दुनियाभर ने माना लोहा

**लखनऊ।**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य और आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल दुनियाभर में पसंद की जा रही है। लखनऊ में बन रही ब्रह्मोस मिसाइल को इंडोनेशिया ने भी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। जल्द ही इंडोनेशिया से भारत का समझौता होने जा रहा है। राजनाथ सिंह शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे। इस दौरान जन संवाद कार्यक्रम में रक्षामंत्री से प्रश्न किया गया कि दिल्ली विस्फोट में आतंकवादियों की संलिप्तता सामने आई है। क्या भारत इसे ह्यएक्ट आफ वारह्व मानते हुए पाकिस्तान पर कार्रवाई करेगा। इस पर रक्षामंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। भारत का मस्तक झुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बिहार की तरह ही यूपी में भी 2027 में जीत दोहराने की बात कही। पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सौभाग्य है कि जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने आपरेशन सिंदूर में करिश्मा किया, वह हमारे लखनऊ में बन रही है। अपनी सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए इंडोनेशिया के रक्षामंत्री लिए भारत आ रहे हैं। पिछले दिनों लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप रवाना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि भारत अपने मित्र देशों को उनकी सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस देगा। उस समय अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव अधिक था। इससे पहले वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने कहा कि बिहार तो बंपर जीते, यूपी भी वैसे ही जीतेंगे। बिहार की विजय साधारण नहीं है। वहां जनता ने देखा कि बिहार की सरकार में भ्रष्टाचार नहीं है और इसीलिए एनडीए को फिर बिहार की सत्ता सौंप दी। बिहार के लोग देख रहे हैं कि नितीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश कैसे आगे बढ़ रहा है। पूरे विश्व में आज भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत की अर्थव्यवस्था 2028 तक अमेरिका और चीन के बाद विश्व में तीसरे स्थान पर होगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा दूसरी पार्टियों की तरह जाति, पंथ और धर्म के आधार पर राजनीति नहीं करती।

**झुकने नहीं दिया जाएगा भारत का मस्तक**



# पुतिन के भारत आने की तारीख हुई तय, रक्षा-तेल पर होगी वार्ता

**नई दिल्ली।**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को मॉस्को में होंगे। आधिकारिक रूप से वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जा रहे हैं, लेकिन उनके इस दौरे को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। पुतिन पांच दिसंबर को भारत आने वाले हैं। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक की संयुक्त अध्यक्षता करेंगे। यह दिसंबर 2021 के बाद पहली भारत यात्रा होगी, जो रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा पर दुनियाभर की निगाहें टिकी हुई हैं। पुतिन और मोदी की बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के सारे आयामों की समीक्षा होगी, लेकिन द्विपक्षीय कारोबार के विस्तार देने के एजेंडे पर खास तौर पर बात होगी।


## वरदान नहीं, अभिशाप साबित हुई महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा



**नई दिल्ली।**

बिहार चुनाव के नतीजों में दस जिलों में खाता भी नहीं खोल पाया महागठबंधन एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का दांव चारों खाने चित हो गया। जिन 25 जिलों में घूमे राहुल-तेजस्वी वहीं महागठबंधन की नाव डूबी। 170 सीटों में से कांग्रेस को महज 6 और महागठबंधन को 19 सीटें मिली हैं। वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ रोहतास से शुरू हुई विपक्षी महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा को बिहार चुनाव से पहले गेमचेंजर माना जा रहा था। चुनाव आयोग के एसआईआर के खिलाफ इस यात्रा के खिलाफ विपक्ष के एक-एक नेता ने बिहार में दबिश दी थी। हालांकि नतीजे बताते हैं कि जिन 21 जिलों से 1,300 किमी लंबी यात्रा गुजरी, उन जिलों के मतदाताओं ने विपक्ष के वोट चोरी के आरोप को सिरे से नकार दिया। चुनाव नतीजे बताते हैं कि यह यात्रा जिन 21 जिलों से गुजरी, उनमें विधानसभा की 170 सीटें हैं। इन 170 सीटों में से विपक्षी महागठबंधन को महज 19 सीटें हाथ लगी।

## इलाज के बाद प्रेम चोपड़ा को अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** अभिनेता प्रेम चोपड़ा को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनके करीबियों ने उनकी हेल्थ अपडेट दी है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है? बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता प्रेम चोपड़ा को 8 नवंबर को सीने में जकड़न की शिकायत के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद आज उन्हें छुट्टी मिल गई है। अभिनेता के परिवार के मुताबिक, प्रेम चोपड़ा शनिवार को अस्पताल में इलाज के बाद घर आ गए। अभिनेता को जब अस्पताल में भर्ती कराया गया था तब उनके दामाद विकास भल्ला ने अमर उजाला से बातचीत में उनकी हेल्थ अपडेट दी थी। उन्होंने कहा था 'डरने की कोई बात नहीं, वे रेगुलर चेक अप के लिए गए हैं'। उन्होंने आगे कहा था 'उनकी हालत स्थित है और उन्हें जल्दी छुट्टी मिल जाएगी'। अभिनेता प्रेम चोपड़ा ने 'प्रेम नगर', 'उपकार' और 'बॉबी' जैसी क्लासिक फिल्में देकर इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई। वह बॉलीवुड के अब तक के सबसे लोकप्रिय खलनायकों में से एक हैं। 70 और 80 के दशक में उनकी खलनायकी ने उन्हें भारतीय सिनेमा का एक आइकॉनिक चेहरा बना दिया। उनका फिल्मी करियर चार दशकों से ज्यादा लंबा रहा। प्रेम चोपड़ा ने 1960 में पंजाबी फिल्म 'चौधरी करनैल सिंह' से करियर की शुरूआत की। 'चौधरी करनैल सिंह' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

## भारत का सुरक्षा परिषद में पारदर्शिता बरतने का आह्वान

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आतंकी सूचीकरण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि कई अनुरोध अस्पष्ट आधार पर खारिज किए जाते हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एजेंसियों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता बरतने का आह्वान किया है। इस संबंध में भारत ने संगठनों और लोगों को आतंकी संगठन या आतंकवादी घोषित करने के अनुरोध खारिज करने का हवाला भी दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कार्यप्रणाली पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कहा, संयुक्त राष्ट्र के निकाय के बतौर परिषद की कार्यप्रणाली विश्वसनीयता, दक्षता, प्रभावकारिता व पारदर्शिता महत्वपूर्ण हैं।

## दिल्ली ब्लास्ट के बाद पर्यटकों के लिए आज से खुलेगा लाल किला, सुनहरी मस्जिद पार्किंग के इस्तेमाल की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।**



धमाके के बाद से बंद लाल किला पर्यटकों के लिए रविवार से खुलेगा। इसके साथ ही लाल किला की सुनहरी मस्जिद पार्किंग के उपयोग की भी दिल्ली पुलिस ने मंजूरी दे दी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूर्व की तरह लाल किला और उसकी पार्किंग रविवार से खुल जाएगी। लालकिला में प्रवेश के लिए सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। सोमवार को लालकिला साप्ताहिक अवकाश के कारण बंद रहेगा। बता दें कि बीती सोमवार शाम को लाल किला के ठीक सामने सुभाष मार्ग पर हुए विस्फोट के चलते सुरक्षा कारणों से लालकिला को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। वहीं, सुनहरी मस्जिद पार्किंग को भी इसलिए बंद कर दिया गया, क्योंकि यहीं पर आतंकी उमर ने तीन घंटे तक अपनी कार को खड़ा किया था। इस घटना के बाद से पार्किंग में खड़ी कारों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। कोई भी कार वहां से निकलने नहीं दी गई थी।

### एनडीए की प्रचंड जीत के बाद पीएम मोदी की हुंकार

# 'बिहार में दुनिया को राजनीति सिखाने की ताकत'

**नई दिल्ली।**



बिहार में सत्तारूढ़ राजग की प्रचंड जीत के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महागठबंधन पर निशाना साधा। कहा कि सूरत में रहने वाले मेरे भाई-बहन इस चुनाव पर कड़ी नजर रख रहे थे। बिहार के लोगों को राजनीति सिखाने की जरूरत नहीं है। उनके पास दुनिया को राजनीति सिखाने की ताकत है। आज बिहार में विकास की भूख हर जगह दिखाई दे रही है। मुझे याद है कि कैसे कोविड के दौरान देशभर के लोग अपने घरों को लौट रहे थे।

उस समय मुझे बिहार के लोगों से बातचीत करने का मौका मिला था। उनमें से कई लोगों ने उस मुश्किल दौर का उपयोग अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में किया। यही बिहार के लोगों की असली ताकत है। आप दुनिया में कहीं भी जाएं, आपको बिहार की प्रतिभा हमेशा चमकती हुई दिखाई देगी। सूरत हवाई अड्डे पर एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दो सालों से जमानत पर छूटे ये नेता बिहार में घूम-घूमकर जातिवाद की राजनीति फैलाते रहे हैं। उन्होंने जातिवाद का जहर घोलने की बहुत कोशिश की। लेकिन, इस चुनाव में बिहार की जनता ने उस जहर को पूरी तरह से नकार दिया। बिहार में राजग की 'सुनामी' ने विपक्षी महागठबंधन को धूल चटा दी। राजग को महागठबंधन से 10 प्रतिशत अधिक वोट मिले। उन्होंने कहा कि बिहार आज दुनियाभर में प्रसिद्ध है। दुनिया में कहीं भी जाइए, आपको बिहार की प्रतिभा नजर आएगी। बिहार अब विकास की नई ऊचाइयों को छूने की इच्छाशक्ति दिखा रहा है। इस चुनाव ने उस इच्छा शक्ति को प्रतिबिंबित किया है।बिहार की महिलाओं और युवाओं ने एक ऐसा गठजोड़ बनाया जिसने आने वाले दशकों के लिए राजनीति की नींव मजबूत की।

# उत्तर और मध्य भारत में तेजी से बढ़ रही ठंड

**नई दिल्ली।**



मौसम विभाग के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर और मध्य भारत में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। 16 और 17 नवंबर को शीतलहर की स्थिति सबसे अधिक दिखने की संभावना है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे सुबह और रात के समय सर्दी का असर बेहद तीखा रहेगा। देश में मौसम का तेजी से बदलता मिजाज परेशानी बढ़ा रहा है। उत्तर और मध्य भारत शीतलहर, कोहरे और गिरते पारे की चपेट में हैं, जबकि दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून के असर से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इससे स्वास्थ्य, खेती, यातायात और बिजली आपूर्ति पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। मौसम विभाग के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर और मध्य भारत में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। 16 और 17 नवंबर को शीतलहर की स्थिति सबसे अधिक दिखने की संभावना है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे सुबह और रात के समय सर्दी का असर बेहद तीखा रहेगा। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला पड़ने से ठिठुरन काफी बढ़ गई है।

# फ्रांस के लड़ाकू विमान के साथ सुखोई-30 ने दिखाया दम

**नई दिल्ली।**



भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआइ जेट विमान 16 से 27 नवंबर तक होने वाले द्विपक्षीय अभ्यास के तहत जटिल हवाई युद्ध परिध्श्यों में फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों के साथ भाग लेंगे। 'गरुड़ 25' हवाई अभ्यास फ्रांस के मोंट-डे-मार्सन में आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले फ्रांस के लड़ाकू विमान के साथ सुखोई-30 एक साथ उड़ते दिखाई दिए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना, फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष बल (एफएएसएफ) के साथ इस अभ्यास के आठवें संस्करण में भाग ले रही है। भारतीय वायुसेना का दल 10 नवंबर को फ्रांस पहुंचा था। इस अभ्यास का उद्देश्य युद्ध जैसे हालात में रणनीति और प्रक्रियाओं को परिष्कृत करना है। भारतीय वायुसेना और एफएएसएफ के बीच अंतर-संचालन को बढ़ावा देना है। वहीं दूसरी ओर एनआइ के अनुसार, सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और तेजस लड़ाकू विमानों से युक्त भारतीय वायु सेना का दल दुबई एयर शो के लिए अल मकतूम एयरबेस पर उतरा। यह कार्यक्रम 17-21 नवंबर तक चलेगा और इसमें 100 से अधिक वायु सेनाएं भाग लेंगी। इसका उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता, परिचालन क्षमता में वृद्धि और सैन्य तथा व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा देना है। भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबैटिक टीम का गठन 1996 में किया गया था और यह दुनिया की कुछ चुन्नदा नौ-विमान एरोबैटिक्स टीमों में से एक है।

## संपादक की कलम से

# ग्रामीण जीवन का नया नक्शा

हिमाचल अपने ही किनारों को लूट कर लुट गया, तरक्की का सारा मजमून बिक गया। हमारी प्रगति ने छीन ली आबोहवा और कदमों ने जमीन को दे दी सजा। अफरातफरी के लंबे दौर के बाद अंतत: विकास के बीच अनियंत्रित निर्माण को रोकने के खूंटे गांव तक लगाने की आवश्यकता महसूस हुई। ग्रामीण विकास को दिशा देने के लिए एक उपसमिति का गठन काफी आशावादी संकेत देता है। हालांकि टीसीपी



ललित शर्मा
संपादक

कानून की मयार्दा को पढ़ लिया होता, तो हमारे घर की निशानियां बस्ती में गुम न होतीं। हमारे नदी–नाले स्वच्छता की मुहिम में हमारे साथ होते। आज न सडक के किनारे और न ही नदी के किनारे बचे। न हमारे आचार–व्यवहार का ग्रामीण आधार बचा और न ही निर्माण की भूमिका में जीने की आचार संहिता बनी। हिमाचल खुद ही अपनी कतरब्यौंत में प्रकृति, प्रकृति के संतुलन, प्रकृति के नजारों और पर्वतीय अंचल की खूबसूरती से विमुख हो गया। जीने का नक्शा कहीं गांव में भी खो गया। यह भौगोलिक, भौतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक आधार पर हुआ। हमारी आदतें शहरी, लेकिन वर्चस्व ग्रामीण रहा। हमारा खेत कंक्रीट उगाने लगा, तो हर सडक का छोर बाजार बन गया। अतिक्रमण की गुंजाइश में न गांव की कूहल बची, न नाला और न ही नदी, बल्कि खड्ड भी गड्डमड्ड हो गई। दरअसल हमने गांव को गांव की परिभाषा और मयार्दा से तोड़ा है। हमारा मुकदमा अपनी ही पैरवी में मर गया, क्योंकि हमने यह तय ही नहीं किया कि भविष्य का रास्ता कैसे चलेगा। हिमाचल का उपभोक्तावाद गांव तक शहरी मानसिकता से ग्रस्त है। गांव की गलियां तंग होती गईं, लेकिन वहां से गुजरती तरक्की ने स्कूटी, बाइक और कार के बीच जद्दोजहद पैदा कर दी। नतीजतन ग्रामीण परिदृश्य में अपनी उलझनों का नागरिक समाज बन गया, जहां दीवार से दीवार और ईंट से ईंट टकराने लगी। हर गांव में सार्वजनिक जमीन का टोटा पड़ गया। इमारतें तो धरती से उठीं, लेकिन बच्चों को खेलने के लिए कोई मैदान न रहा। पानी का नलका घर–घर पहुंच गया, लेकिन घर से जल का निकास रुक गया। मनरेगा ने सीमेंट का धरातल इतना मजबूत कर दिया कि पत्थरों से बनी बावड़ी सूख गई और रास्ते ने बरसात को कहर मान लिया। पूरे प्रदेश में प्राकृतिक आपदा अगर बढ़ रही है तो इसलिए भी कि कभी थुनाग ने ग्रामीण जीवन पर शहरी व्यापार की चादर ओढ़ ली। धर्मपुर ने ऐसा बस स्टैंड चुन लिया कि खड्ड की आंत में विकास फंस गया। जाहिर है हमारे गांव को सबसे पहले जंगल ने छला और आज एक सरहद इसकी वजह से बन गई है। हर गांव की क्षमता और संभावना के विपरीत तरक्की की हर वजह जमीन से दंगा कर रही है। अनियंत्रित निर्माण को रोकने से पहले गांव के विकास का मॉडल बनना चाहिए। गांव के पार्क और मैदान से कहीं ज्यादा जमीन पार्किंग को चाहिए। गांव के बस स्टॉप और चौक–चौराहे को नई सांसें चाहिएं। गांव और जंगल की जमीन के बीच पूलिंग और भविष्य की जरूरतों के लिए एक स्वतंत्र लैंड बैंक बनाने की परिकल्पना चाहिए। हर गांव की विकास योजना इतनी भी सरल नहीं कि गोबर के उपले थाप दिए जाएं। एक साक्षर ग्रामीण हिमाचल की आर्थिक संपन्नता, प्रगतिशीलता और भविष्य की महत्त्वाकांक्षा को सही–सही और सुव्यवस्थित रूप से निरूपित करना है, तो पूरे हिमाचल को नगर एवं ग्राम योजना कानून के दायरे में लाकर, कुछ शर्तें, कुछ नियम और कुछ हदें निर्धारित करनी होंगी।

उदय किशोर साह



## अनपढ़ है अभिषाप

कविता

मूरख अनपढ़ गँवार है अभिषाप
भूल कर ना करना इनसे बकवाष
उद्दंडता का है ये जन परिचायक
कुतर्क का बन जाता अधिनायक

हर युग में होते हैं ये सब अवतार
इन सबसे हलकान है जग संसार
हर नुक्कड़ पे बन जाता है नायक
घर परिवार का सब है पीड़ादायक

बुद्धिजन विद्वान भी गये इनसे हार
अमंगल में मनाते है होली त्यौहार
समाज का होता है ये टुटा दर्पण
मांस मदिरा का करते है ये भक्षण

पर इनका है जग में बृहत परिवार
धूम मचाते है पल पल सपरिवार
इनसे पंगा ना लेना मेरे प्रिय भाई
दूर रहते है इन सबसे भी गोसाईं

इनके जनक होते हैं बड़े ही शैतान
पढ़ा लिखा कर बना देते हैं। हैवान
मानवता का ये है दुश्मन ही ताई
दूर ही रहना इन सबसे मेरे साईं

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस -16 नवम्बर, 2025

# शांति ही नहीं, सह-जीवन के लिये जरूरी है सहिष्णुता



ललित गर्ग



*संत कबीरदास से लेकर गुरूनानक, रैदास और आचार्य तुलसी आदि संतों ने समाज में सहिष्णुता का भाव उत्पन्न कर सामाजिक समरसता को जन जन तक पहुंचाया। इससे समाज में सही अर्थों में सहिष्णुता की भावना बलवती हुई। संत कबीर हिन्दु–मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। उन्होंने राम–रहीम को एक माना और कहा ईश्वर एक है भले ही उसके नाम अलग–अलग क्यों न हों। आजादी के आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने सहिष्णुता का संदेश घर–घर तक पहुंचाया। गांधीजी सहिष्णुता के साक्षात प्रतीक थे। सहनशीलता हमारे जीवन का मूल मंत्र है। सहिष्णुता ही लोकतंत्र का प्राण है और यही वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिन: एवं सर्वधर्म सद्भाव का आधार है। इसी से मानवता का अभ्युदय संभव है। अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस हमें याद दिलाता है कि मनुष्यता का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम कितना स्वीकार करते हैं, कितना समझते हैं और कितनी उदारता से जीते हैं। यह समय की माँग है कि राजनीति में संवाद, धर्म में करुणा और समाज में संवेदना का विस्तार हो। यदि हम सहिष्णुता को विचार नहीं, बल्कि जीवन की शैली बना लें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन शांतिमय होगा, बल्कि दुनिया भी अधिक सुरक्षित, सुंदर और मानवीय बन जाएगी। यही सहिष्णुता का वास्तविक संदेश है और यही मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता।*

विश्व में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में शांति, सहनशीलता, स्वस्थता एवं संवेदना के लिये जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संसार में हिंसा, युद्ध एवं आतंक की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। दुनिया में बढ़ते अत्याचार, आतंक, हिंसा और अन्याय को रोकने और लोगों को सहनशीलता और सहिष्णुता के प्रति जागरूकता की भावना जगाने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। यह दिवस सभी धर्मों और अलग-अलग संस्कृतियों को एक होने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य को बचाने की अनिवार्य पुकार है। जिस समय दुनिया विकास और तकनीक की ऊँचाइयों को छू रही है, उसी समय वह असहिष्णुता, हिंसा, युद्ध, आतंक और आक्रोश की गहराइयों में डूबती भी जा रही है। यह विरोधाभास बताता है कि मनुष्य बाहरी रूप से कितना भी समर्थ हो जाए, लेकिन यदि भीतर सहिष्णुता, धैर्य और संवेदना का प्रकाश न हो, तो सभ्यताएँ चमकते हुए भी विघटन के कगार पर खड़ी हो सकती हैं। आज के तनावपूर्ण वातावरण में सहिष्णुता मानवीय संबंधों को जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। यह कमजोरी नहीं, बल्कि वह आंतरिक सामर्थ्य है जो हमें अपने विचारों के साथ दूसरों के विचारों को समझने, स्वीकारने और सम्मान देने की क्षमता प्रदान करती है।

व्यक्तियों, समाजों एवं राष्ट्रों की एक दूसरे के लिये बढ़ती असहिष्णुता ही युद्ध, नफरत एवं द्वेष का कारण है, यही साम्प्रदायिक हिंसा एवं उन्माद का भी कारण है। असहिष्णुता, घृणास्पद भाषण और दूसरों के प्रति भय, नफरत, घृणा एवं द्वेष न केवल संघर्ष और युद्धों का एक शक्तिशाली प्रेरक है, बल्कि इसका मुख्य कारण भी है। जबकि सहिष्णुता वह बाध्यकारी शक्ति है जो हमारे बहुसांस्कृतिक, बहुजातीय और बहुधार्मिक समाज को एकजुट करती है। असहिष्णुता केवल सामाजिक एवं राजनैतिक ताने-बाने को ही छिन्न-भिन्न नहीं करती है, बल्कि इसका देश की अर्थव्यवस्था, उसके विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैश्वीकरण के युग में अंतर्राष्ट्रीय वित्त एवं व्यापार व्यवस्था को मजबूती देने के लिये सहिष्णुता की बड़ी जरूरत है। यह व्यक्तिगत जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है।

दुनिया भर में बढ़ते युद्ध, धार्मिक कट्टरता, नस्लीय संघर्ष, जातीय टकराव और सोशल मीडिया पर फैलती नफरत इस बात का प्रमाण हैं कि असहिष्णुता की आग कितनी तेजी से फैल रही है। ऐसे वातावरण में सहिष्णुता केवल सामाजिक मूल्य नहीं, बल्कि मानवता का आधार बन जाती है। मनुष्य जब संवाद खो देता है, जब सुनने की संस्कृति कमजोर पड़ जाती है, जब व्यक्तिगत अहंकार सामूहिक सद्भाव पर भारी पड़ने लगता है, तब असहिष्णुता जन्म लेती है। यही कारण है कि आज की दुनिया में सबसे बड़ी कमी है-संवाद, धैर्य और विविधता को सम्मानपूर्वक स्वीकारने की क्षमता। सहिष्णुता केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए आवश्यक नहीं, बल्कि व्यक्तिगत जीवन की भी अनिवार्यता है। घरों में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि हम दूसरों की बात सुनने का धैर्य खोते जा रहे हैं। रिश्ते टूट रहे हैं क्योंकि हम भिन्नता को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं। आधुनिक मनुष्य तेजी से प्रतिक्रियाशील हो गया है; छोटी-सी आलोचना भी उसे अस्थिर कर देती है। यदि हम अपने भीतर सहिष्णुता का दीपक जलाएँ, तो जीवन सरल, सुंदर और शांतिमय हो सकता है।

विशेष रूप से राजनीति में सहिष्णुता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। राजनीति राष्ट्र का मार्ग निर्धारित करती है; यदि इसमें असहिष्णुता, अपमान, दुराग्रह और द्वेष बढ़ता है, तो समाज में भी यही भाव प्रसारित होते हैं। आज जब राजनीतिक भाषा में कटुता बढ़ रही है, विपक्ष की नकारात्मकता के कारण लोकतांत्रिक संवाद और राजनीतिक संस्कृति दोनों खतरे में पड़ रहे हैं। राजनीति का मूलभूत उद्देश्य जनता की सेवा और राष्ट्र का विकास है, परन्तु यह तभी संभव है जब विचारों की विविधता को सम्मान मिले, विचार-विमर्श की परंपरा जीवित रहे और नेता विरोधी विचारों को भी सुने। श्रेष्ठ नेतृत्व वही है जो सबको साथ लेकर चले, न कि विभाजन और नफरत की सियासत को हवा दे। सहिष्णुता राजनीति को परिपक्वता प्रदान करती है और सत्ता के अहंकार को मानवीय संवेदना से संतुलित करती है। धर्म के क्षेत्र में भी सहिष्णुता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि धर्म का मूल स्वरूप शांति, करुणा, प्रेम और सद्भाव है। लेकिन जब धर्म कट्टरता और संकीर्णता का साधन बनने लगता है, जब लोग अपने मत को सर्वोच्च और दूसरों के मत को नीचा समझने लगते हैं, तब धर्म का वास्तविक उद्देश्य नष्ट हो जाता है। महावीर, बुद्ध, ईसा, पैगंबर, गांधीकृसभी ने धर्म को मन की शुद्धि और मानवता की रक्षा का मार्ग बताया है, न कि विभाजन और संघर्ष का। धर्म का सार यही है कि हम भिन्नताओं को समझें, दूसरों की आस्थाओं का सम्मान करें और मनुष्यता को सर्वोच्च मानें। धार्मिक सहिष्णुता किसी समाज की आध्यात्मिक ऊँचाई का मापदंड होती है।

सह-अस्तित्व की भावना ही वह आधार है जिस पर उन्नत दुनिया का निर्माण संभव है। हम एक ही धरती पर रहते हैं, एक ही मानव समुदाय से जुड़े हैं, और चाहे किसी भी भाषा, धर्म, जाति या संस्कृति से हों, हमारी नियति एक-दूसरे से गुँथी हुई है। यदि हम साथ रहना सीख लें, एक-दूसरे का सम्मान करते हुए आगे बढ़ें, तो दुनिया हिंसा और तनाव से मुक्त होकर सौहार्द और समृद्धि का नया अध्याय लिख सकती है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहे। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा एवं युद्ध की स्थितियां बनना आम हो गया है। रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमाम के बीच लम्बे युद्धों ने विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरे उत्पन्न किये है।

लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है।

# वेडिंग सीजन में दिखना है सबसे ग्लैमरस? भूमि पेडनेकर का यह लहंगा लुक जरूर करें ट्राई!

भूमि पेडनेकर का हालिया पेस्टल पिंक लहंगा लुक वेडिंग सीजन के लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन है, जिसने सोशल मीडिया पर खूब हलचल मचाई है। इस एलिगेंट भूमि पेडनेकर लहंगा में मॉर्डन कट ब्लाउज, डेलिकेट एम्ब्रॉयडरी और स्टेटमेंट ज्वेलरी का शानदार मिश्रण है, जो आपको ग्लैमरस और रॉयल लुक दे सकता है। 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी!

बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है बॉलीवुड डीवज के लुक्स इंस्पायर होकर आप भी फेस्टिव सीजन लेकर शादी के मौसम के लिए भूमि पेडनेकर का यह लहंगा लुक डिजाइन ट्राई कर सकते हैं। फैशन लवर्स ट्रेंडिंग लुक के लिए बॉलीवुड हीरोइन से प्रेरणा लेकर एक परफेक्ट ट्रेडिशनल आउटफिट को वियर कर सकते हैं। भूमि ने हाल ही में एक सुंदर-सा पेस्टल शेड के लहंगे में पोज देती नजर आई हैं। इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा रखा है। इस लुक में एक्ट्रेस एलिगेंट दिख रही है। मिनिमल मेकअप लुक, स्टेटमेंट ज्वेलरी और फ्लोई सिल्हूट के साथ उनका यह लहंगा वाकई सुंदर नजर आ रहा है। इस लहंगा लुक में एक्ट्रेस रॉयल लग रही है। आप भी इस लहंगा को अपने वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं।

**पेस्टल पिंक का चयन:** फोटो में आप देख सकते हैं कि भूमि ने पेस्टल पिंक शेड को चूज किया है। फेस्टिवल से लेकर वेडिंग तक यह रंग काफी काफी ट्रेंड में है। लहंगे पर डिलेकेट व्हाइट एम्ब्रॉयडरी पूरे लुक में एथनिक ग्रेस जोड़ता है। यह व्हाइट थ्रेडवर्क इस शेड के साथ बेहतरीन कंट्रास्ट बनाता है।


**मॉर्डन कट ब्रालेट डिजाइन ब्लाउज:** एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल चोली की जगह एक क्रोश-इफेक्ट, मॉडर्न कट ब्लाउज पहना है। यह लहंगा एकदम इंडो-वेस्टर्न लुक प्रदान करता है।

**मैचिंग दुपट्टा और ड्रेपिंग स्टाइल:** एक्ट्रेस ने सॉफ्ट पिंक शेड का दुपट्टा सिंगल-साइड ड्रेप किया गया है। यह इस लुक को एकदम मिनिमल रख रहा है।

**स्टेटमेंट सिल्वर-टोन ज्वेलरी:** एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने चोकर, ब्रेसलेट और स्टेटमेंट ईयरस्टड्स चुनें जो आउटफिट को ग्लैम लुक दे रही है। यह ज्वेलरी लहंगा के साथ मैच कर रही है।

**नेचुरल मेकअप और हेयरस्टाइल:** भूमि ने न्यूड लिप्स, ग्लोई बेस और मस्कारा-फोकस्ड आईज ने लुक को सॉफ्ट और मॉर्डन टच दिया है। वहीं, स्ट्रेट ओपन हेयर लहंगे की खूबसूरती में चार चांद लगा रही है।





# जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ जौहर शोध संस्थान का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र तथा मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र के साथ रामपुर स्थित जौहर शोध संस्थान का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संस्थान में स्थित विभिन्न कक्षों, ऑडिटोरियम, पुस्तकालय, प्रशिक्षण कक्ष, स्टाफ रूम, परिसर में बने आवासीय भवनों तथा मीटिंग हॉल का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से भवन में उपलब्ध कुल आवासों एवं कक्षों की संख्या, उनकी वर्तमान भौतिक स्थिति, उपयोगिता, रख-रखाव एवं नियमित गतिविधियों के संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भवन के भौतिक स्वरूप, स्वच्छता व्यवस्था, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, फर्नीचर तथा उपयोगी संसाधनों की स्थिति पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भवन की स्थिति में सुधार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि भवन की समुचित व्यवस्था के अनुसार आवश्यकतानुसार मरम्मत, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, टूटी-फूटी वस्तुओं के प्रतिस्थापन एवं परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि भवन का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप सुचारु एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने भी संस्थान में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए

# फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी, शिवाला कलां में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का समापन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी, शिवाला कलां में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लखपत सिंह ( प्रभारी निरीक्षक थाना शिवाला कलां ) रहे। जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

इस स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजर संघर्ष चौहान, विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन कल्याणी चौहान तथा प्रिंसिपल अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल अनुराग यादव और स्कूल कोऑर्डिनेटर सुलभ चौहान भी उपस्थित रहे। दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। योग, कबड्डी, वॉलीबॉल, रेस, लंबी कूद, गेंद फेंक, रस्साकशी ,बोरी दौड़, खो-खो सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों में खेल भावना और टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा। विद्यालय के पीटीआई होमपाल सिंह एवं अमर सिंह ने बच्चों को खेल के नियमों की विस्तृत जानकारी दी और पूरे कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस खेल महोत्सव की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

# बुगरासी में जाम से कस्बे वासी परेशान



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** शनिवार को कस्बे में बाजार लगने के कारण जाम से झूझता है कस्बा।

आपको बताते चलें कि कस्बे में जाम लगने के दो कारण हैं। पुलिस की लापरवाही जिसके कारण भयंकर जाम की स्थिति रहती है।टर्रियो का जमावड़ा ही असली कारण है जाम लगने का।ऐसा भी नही है कि पुलिस को इस बात की जानकारी ना हो।कई बार तो फोन करने के बाद भी पुलिस नही पहुचती है।इसी मार्ग से चंदनपुर गन्ने मिल को ट्रैक्टर ट्रालियों से गन्ना जाता है। घंटाघर पर खडी टर्रियो के कारण ही लगता है जाम। प्रशासन को शायद किसी बडी घटना का इंतजार है।अगर शीध्र ही पुलिस ने शनिवार को चौकसी ना की तो कोई भी बडी घटना घट सकती है।जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील सदर में सुनीं जन समस्यायें

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर ही उनके निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान एक फरियादी श्री शकील द्वारा अवगत कराया गया कि उनका गृहस्थी राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल प्रभाव से राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिसपर जिला पूर्ति अधिकारी ने मौके पर ही फरियादी को राशन कार्ड बनाकर उपलब्ध कराया। फरियादी द्वारा राशन कार्ड प्राप्त होने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को आभार व्यक्त किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने कोडेड यूरिया के दुरुपयोग के संबंध में शिकायत पत्र जिलाधिकारी को दिया। इस पर जिलाधिकारी ने उद्यान अधिकारी से कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता या विलम्ब क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रार्थना-पत्रों की जांच एवं निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार तहसील बिलासपुर में मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टाण्डा में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 28 शिकायतें प्राप्त हुई।

# कोतवाली पुलिस का अवैध नशे के खिलाफ चला अभियान

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके की कुशल रणनीति से एक के बाद एक नशा तस्कर को बागेश्वर पुलिस गिरफ्तार कर रही है। कोतवाल अनिल उपाध्याय द्वारा नगर सहितअन्य स्थानों में अवैध चरस स्मैक सहित अन्य नशीले पदार्थों का काला कारोबार करने वालों पर सख्ती करने हेतु अपनी कोतवाली पुलिस टीम को अलर्ट कर दिया है।कोतवाल अनिल उपाध्याय ने इसके लिए सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।कोतवाली पुलिस को चेकिंग के दौरान एक स्मैक तश्कर को पकड़ने में सफलता मिली है।पुलिस ने 3.13 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है पकड़ी गई अवैध स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस द्वारा सघन चैकिंग अभियान/संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही के तहत शुक्रवार रात्रि को गिराछीना रोड राधा कृष्ण मंदिर बागेश्वर के पास से अभियुक्त भुवन कुमार पुत्र इंद्र लाल निवासी नीलेश्वर ठाकुरद्वारा कोतवाली बागेश्वर के कब्जे से 03.13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की।जिसके बाद पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बलवन्त सिंह,अपर उपनिरीक्षक मोहन सिंह कांस्टेबल राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

# चोरी के शक में बालक को तालिबानी अंदाज में दबंगों ने पेड़ से बांधा



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** खुर्जा कोतवाली क्षेत्र में चोरी के शक में एक नाबालिग लड़के को तालिबानी अंदाज में पेड़ से बांधे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दबंग बालक की पिटाई कर पाते उससे पहले ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी ने बालक को मुक्त कराया। दिन दहाड़े बेखौफ होकर तालिबानी अंदाज में बालक के साथ अमानवीय वारदात करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। राष्ट्रीय बजरंगदल के नगर सुरक्षा प्रमुख सहित दो हिरासत में लिए गए है। खुर्जा कोतवाली क्षेत्र के नेहरूपुर चुंगी इलाके में एक किशोर नाई की खोखे के पीछे खड़ा था। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व नाई की दुकान में चोरी हो चुकी है। चोरी के शक में वहां मौजूद एक दबंग सब्जी विक्रेता ने बालक को पकड़ा और सड़क किनारे लगे पेड़ से तालिबानी अंदाज में रस्से से बांध दिया सरेआम बीच सड़क, दिन दहाड़े हुई अमानवीय घटना को बालक चुपचाप सहन करता वायरल वीडियो में दिख रहा है। पेड़ से बंधे बालक से दबंग चोरी को लेकर पूछताछ करते दिख रहा है। हालांकि मामले की भनक जैसे ही खुर्जा पुलिस को लगी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने बालक की रस्सी खोली और मुक्त कराकर अपने साथ थाने ले गई।मामले को लेकर खुर्जा की सीओ० पूर्णिमा सिंह ने बताया कि बालक के परिजनों की तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस ने ललित सैनी सहित दो को हिरासत में ले अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। ललित सैनी राष्ट्रीय बजरंग दल का नगर सुरक्षा प्रमुख है।

# पीडिताओं का अपहरण कर पैसे लेकर शादी कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बुलंदशहर दिनांक 27.07.2025 को वादी द्वारा उसकी 02 पुत्रियों के घर से चले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं-543/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अपहताओं की सकुशल बरामदगी हेतु अथक प्रयास करते हुए दिनांक 11.11.2025 को सकुशल बरामद किया गया था। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त सुनील कुशवाह उर्फ सुनील मोर्य पुत्र रामशकल निवासी ग्राम पूतरी थाना भटनी जनपद देवरिया सोनू पुत्र सुनील निवासी उपरोक्त को अभियुक्तों को ब्रह्मानन्द कट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल, चाँदपुर में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2025झ26 का भव्य आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों की सुव्यवस्थित लाइन-अप और मार्च-पास्ट की तैयारी से हुई। तत्पश्चात परिचय सत्र के बाद मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर तथा विशिष्ट अतिथि क्लस्टर इंचार्ज गिरीश घनसुरपुर का हार्दिक स्वागत किया गया।

प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी द्वारा मुख्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए दीप प्रज्वलन संपन्न हुआ। गणेश वंदना और स्वागत नृत्य ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। ह्यहल्ला बोलह्न तथा ह्यस्पोर्ट्स लीजेंड्स ऑफ इंडियाह्न जैसे कार्यक्रमों ने बच्चों की प्रतिभा को और भी निखारा। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के बाद पी.ई. टी. विभाग द्वारा मशाल प्रज्वलन किया गया और 34वीं खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। फिजिकल डिपार्टमेंट हेड अर्चना के नेतृत्व में बच्चों ने शानदार मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। हेड गर्ल द्वारा ओथ सेरेमनी संपन्न हुई। इसके बाद विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जिनमें 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले, लेमन रेस, सैक रेस, एट-एंड-एंजॉय रेस, हर्डल रेस, जंबल ड्रिल और टग ऑफ वॉर जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। चक दे इंडिया प्रस्तुतिकरण ने कार्यक्रम में उत्साह का नया रंग भर दिया। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद सभी हाउसेज ने अपने-अपने स्कोर के आधार पर निर्धारित स्थान ग्रहण किए।

इस वर्ष का कुल विजेता अमेजॉन हाउस अमेजॉन घोषित किया गया, जिसने अद्भुत टीमवर्क और श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जुपिटर लाइन और पेसिफिक हाउसेज ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

# शिक्षा,खुशहाली और उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को करे प्रेरित - संपूर्णा नंद पाण्डेय

**वाराणसी :-** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने बाल दिवस की सभी देश वाशियो को बधाई दिया और कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य है बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना` बाल श्रम,बाल अपराध और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना` बच्चों को स्नेह,प्यार और समान अवसर देना और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित करना` बाल दिवस हमें यह सिखाता है कि बच्चों की हंसी,उनका खेलना-कूदना और उनका पढ़ना-लिखना ही किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार है` पाण्डेय जी ने कहा कि इस दिन देशभर के स्कूलों,कॉलेजों और संस्थानों में बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेल प्रतियोगिताएं,ड्रॉइंग,निबंध लेखन और विशेष क्लास गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा निकाली गई

**शिकारपुर।** मां भारती के महान सपूत, लौह पुरुष, 'भारत रत्न' पूर्व ग्रह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनता इंटर कॉलेज पहासू में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया तथा ऱएकता पदयात्राऱ का पहासू से शुभारंभ कर ग्राम सुरजावली, अनौना , उटरावली, नवादा, चैनपुरा होते हुए परशुराम चौक शिकारपुर पर समापन किया। युवा साथियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और नवभारत की भावना का संचार करते हुए सभी को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया।

# यूनिवर्सल एकेडमी में खेल सप्ताह का भव्यता और हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में दिनांक 10 नवंबर से चल रहे खेल सप्ताह का समापन हो गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित हुआ।

खेल सप्ताह के दौरान अनेक खेलो और गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिनमें पहल विंग से छोटे-छोटे बच्चों के लिए जिग जैगरेस , कप और बॉल रेस, फ्रॉग रेस, डक रेस,टावर रेस, स्टेपिंग स्टोनइको रेस , बाल्टी भरो , 50 मीटर रेस, बैलून पॉप अप ,मग उठाना , ट्राइलेग रेस, सक रेस, प्रयास विंग से 100 मीटर रेस, सिंगल लेग रेस, ट्रायथलॉन रेस, उड़ान विंग से 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस , लॉन्ग जंप, हाई जंप गौरव विग से कबड्डी, खो खो, शॉट पुट, डिसकस ,जैवलिन थ्रो, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो खो, आदि विविध खेलों का आयोजन किया गया।इन सभी खेलों में और प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।सभी खेलों व प्रतियोगिताओं में सभी विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। खेल सप्ताह के अंतर्गत हुए विभिन्न खेलों और गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सिल्वर मेडल तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ब्रांज मेडल दिए गए ।कबड्डी ,वालीबाल , खो खो व क्रिकेट में विजयी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स सिगरा में आर्टिस्ट्री शो का भव्य शुभारंभ

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसीः-** देश के अग्रणी ज्वैलरी ब्रांड मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के सिगरा स्थित शो रूम में बहुप्रतीक्षित आर्टिस्ट्री शो का भव्य शुभारंभ हुआ` स्टोर टीम,ग्राहकों और शहर के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में लॉन्च हुए इस शो में शादी के सीजन और आभूषण प्रेमियों के लिए बेहतरीन कलेक्शन पेश किया गया है` विश्वप्रसिद्ध मलाबार आर्टिस्ट्री शो अपनी उत्कृष्ट कारीगरी,आधुनिक क्राफ्ट्समैनशिप और अनोखे डिजाइनों के लिए जाना जाता है` इस एक्सक्लूसिव प्रदर्शनी में कीमती रत्नों, चमकते हीरों और शुद्ध सोने से निर्मित स्टेटमेंट ज्वैलरी का शानदार संग्रह उपलब्ध है जो पारंपरिक शान और समकालीन स्टाइल का बेहतरीन संगम है 14 से 17 नवंबर तक चलने वाली यह सीमित अवधि की प्रदर्शनी शहर के आभूषण प्रेमियों में खास उत्साह पैदा कर रही है` लॉन्च के पहले ही दिन ग्राहकों ने अनोखे डिजाइनों का अनुभव किया और मलाबार की कारीगरी की सराहना की` मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स वाराणसी सभी ग्राहकों को इस विशेष प्रदर्शनी का हिस्सा बनने और कला एवं कारीगरी के इस अद्भुत संगम का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है।

# बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** बुंदेलखंड महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा बिरसा मुंडा जयंती अवसर पर जनजातीय समाज के गौरव बिरसा मुंडा का भारत की स्वतंत्रता में योगदान विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि गोपाल सहरिया रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसके राय ने किया तथा संचालन डॉक्टर धर्मेंद्र पांडे एवं आभार डॉक्टर रामदरश सिंह यादव ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र तिवारी ने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को रेखांकित किया तथा जनजातीय समाज की धरोहर जल जंगल और जमीन को सांस्कृतिक विरासत के रूप में मानते हुए सरकार की विकास योजनाओं में जनजातीय समाज के संस्कृतिक संरक्षण को प्राथमिकता देने पर बल दिया। समाजशास्त्र के आचार्य डॉ सुरेंद्र नारायण ने जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान के रूप में बताते हुए विकास योजनाओं में जनजाति समाज की सहभागिता कराने पर बल दिया। प्राचार्य प्रोफेसर एसके राय ने जनजातीय समाजों के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उन्हें विधिक साक्षर बनाए जाने पर बल दिया। अंत में जनजातीय समाज द्वारा अपने उत्थान के विविध कारक सुझाए तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

# पार्सल मालगाड़ी के डिब्बे में लगी भीषण आग, बरेली जंक्शन पर मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** शनिवार सुबह रेलवे यार्ड में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब किशनगंजझ्रदिल्ली से झारखंड के अजारा जा रही पार्सल मालगाड़ी के एक डिब्बे में अचानक आग भड़क उठी। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। जंक्शन पहुंचने से पहले ही लोको पायलट ने एक बोगी से घना धुआं निकलते देखा और तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही रेलवे अफसर अलर्ट हो गए और फायर ब्रिगेड को मौके पर बुला लिया गया। मालगाड़ी जैसे ही बरेली जंक्शन पहुंची, धधक रहे पार्सल डिब्बे को पूरी ट्रेन से अलग कर दिया गया। रेलवे कर्मियों ने तेजी दिखाते हुए आसपास का इलाका खाली कराया, जबकि यात्री धुआं फैलते ही घबराकर इधर-उधर भागते नजर आए। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। डिब्बे में भरा पार्सल सामान भी आग की चपेट में आ गया, जिससे धुआं लगातार ऊपर उठता रहा। दमकल कर्मी आगेझ्रपीछे दोनों ओर से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों को भी एहतियातन हटाया गया। आग किन वजहों से लगी, यह अभी साफ नहीं हो सका है।

प्राथमिक अनुमान शॉर्ट सर्किट की ओर इशारा कर रहा है, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट कारणों के लिए जांच टीम लगा दी है। मुरादाबाद मंडल के डीआरएम संघर्ष मौर्य ने बताया कि लोको पायलट की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। पार्सल डिब्बे में लगी आग पर काबू पाया जा रहा है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मेंहदावल पर पहुंचकर सुनी जनता की समस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी अलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील मेंहदावल पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया । जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए ।

राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के सम्बन्ध मे फीडबैक भी लिया । इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## सार संक्षेप

### पुलिस ने दहेज मृत्यु कारित करने के मामलें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 महेश्वर चौधरी, का0 योगेन्द्र यादव ने मु0अ0स0 1055/2025 धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मे वांछित अभियुक्त सरफराज आलम पुत्र मो0 उमर निवासी मोहल्ला अंजान शहीद कस्बा मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को उसके घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया । उक्त प्रकरण में दिनाँक 13.11.2025 को वादी श्री मोहम्मद आलम पुत्र अतीउल्लाह निवासी मोहल्ला अंजान शहीद कस्बा मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उक्त अभियुक्त सहित कुल 07 लोगो के विरुद्ध वादी की पुत्री जिसकी शादी जनवरी 2025 में अभियुक्त सरफराज आलम पुत्र मो0 उमर उपरोक्त के साथ हुयी थी, को दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा प्रताड़ना से तंग आकर वादी की लड़की द्वारा आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आज दिनाँक 15.11.2025 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

### विवाहिता ने लगाया पति और ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग नई बस्ती निवासी एक महिला ने अपने पति सहित ससुरालयों पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मुजफ्फरनगर के थाना सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव निरमाना निवासी महिला नजमा पुत्री जरीफ ने बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग नई बस्ती निवासी मेहरबान पुत्र शददा के साथ हुई है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार को पति सहित ससुरालियों के लोगों ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और मारपीट करते हुए पीड़िता को घर से निकाल दिया। मारपीट की जानकारी होने पर जब मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की पीड़िता महिला ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### फल व्यापारी को मिली जान से मारने की धमकी



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे की सब्जी मंडी में एक व्यापारी ने दो व्यक्तियों पर उधार दिए गए रुपए वापस नहीं देने सहित मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरूद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी सरताज ने बताया कि पीड़ित की कस्बे के कैराना मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी में फल फ्रूट की दुकान है। पीड़ित के पास बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सेनपुर निवासी दो भाई कई महा पूर्व आए थे और पीड़ित से आम बेचने की बात कह कर हजारों रुपए उधार ले गए थे। कई महा बीत जाने के बाद जब पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो आरोपियों ने कुछ दिन बाद रुपए देने का वादा किया। शनिवार को पीड़ित ने जब दोनों भाइयों से अपने रूपयों की मांग की तो आरोपियों ने रुपए देने से मना करते हुए पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपी भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपने रूपयों को बरामद करने की गुहार लगाई है।

### जनजातीय गौरव दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ. लक्ष्मी गौतम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के स्वाभिमान, संस्कृति की सुरक्षा और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें शिक्षा हेतु एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं, टैरिफेड योजना, स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत योजना तथा जनजातीय स्वास्थ्य मिशन प्रमुख हैं।

# कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी स्थित कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में बाल दिवस के अवसर पर रंगारंग और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही उत्साह, उमंग और बच्चों की चहल-पहल से सराबोर रहा। बाल मेला, फैंसी ड्रेस शो, सोलो डांस और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक बना दिया ।फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न किरदारों में मंच पर आकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

किसी ने स्वतंत्रता सेनानी का रूप लिया तो किसी ने सामाजिक संदेश देने वाला पात्र निभाया। वहीं सीनियर छात्रों द्वारा प्रस्तुत सोलो और समूह नृत्यों ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं और माहौल को रोमांचित किया ।इस अवसर पर कॉलेज परिसर में बच्चों ने विज्ञान, कला, मॉडल प्रदर्शनी, घरेलू उत्पाद, फूड स्टॉल और खेल से जुड़े थीम आधारित कई स्टॉल लगाए।

स्टॉलों पर बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट, मॉडल और रचनात्मक सामग्री को देखने के लिए अभिभावकों और विद्यार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

पूरा परिसर मेले जैसी हलचल से भरा नजर आया ।कार्यक्रम में विद्यालय की एम.डी. श्रीमती उम्मी खातून, प्रधानाचार्य सईद हुसैन, उप प्रधानाचार्य उवैश सहित पूरा शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर एम.डी. उम्मी खातून और प्रधानाचार्य सईद हुसैन दोनों ने कहा,बच्चे हमारे भविष्य की रोशनी हैं। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता बढ़ती है।

# पुलिस ने चोरी व गोवध के मामले में वांछित 25000 रु0 के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी मगहर उ0नि0 मनीष जायसवाल, का0 प्रशान्त विक्रम सिंह, का0 विशाल कुमार सिंह, का0 कृष्णनारायण गोंड, का0 अनिल कुमार ने मु00सं0 203/2024 धारा 379, 120बी भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 25000/-रु0 के ईनामियां वांछित अभियुक्त अकबर पुत्र मो0 याकूब निवासी परदेशवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को मगहर हाईवे काला गेट के पास से नियमानुसार शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

विदित हो कि दिनाँक 15.03.2024 को वादी मुकदमा श्री महेंद्र कुमार चौधरी पुत्र स्व0 कृष्ण मोहन चौधरी निवासी शिवनगर कॉलोनी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर के थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत अज्ञात द्वारा दिनाँक 14.03.2024 को वादी की दो गायों को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 203/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया था । दौरान विवेचना पुलिस द्वारा अभियोग से सम्बन्धित दो अदद चोरी की गाय मय पिकअप के अभियुक्त तौफीक हुसैन पुत्र राजमुन निवासी परदेशवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर को मय चाकू के एचआरपीजी कॉलेज के पास हाईवे से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण तौफीक हुसैन पुत्र राजमुन, अकबर पुत्र याकूब, असलम खान पुत्र याकूब, आबिद अली पुत्र यासीन निवासीगण ग्राम परदेसवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर का नाम प्रकाश में आया । साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग में सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी की गई ।

# खेल प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्लीझ्रसहारनपुर हाइवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शनिवार को सफल समापन हो गया। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

लॉन्ग जंप में हितेश मलिक प्रथम एवं आस्तिक मलिक द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में नेहा ने प्रथम तथा एंजेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर में हर्ष प्रथम और वैभव द्वितीय रहे। वहीं जूनियर में वर्तिका प्रथम तथा गुंजन द्वितीय स्थान पर रहीं ।खो-खो प्रतियोगिता में कक्षा तीन की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रो में कक्षा चार की टीम विजेता रही। वॉलीबाल प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्रों ने बाजी मारी ।समापन समारोह में प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम ने धान क्रय केंद्र कृषक सेवा केन्द्र बधौली का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा खाद्य विभाग के क्रय केन्द्र मेंहदावल एवं मेहदावल द्वितीय क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी गोरखनाथ यादव, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित मिलें। निरीक्षण के समय दयाराम पुत्र कपिलदेव, ग्राम-परसा पाण्डेय का लगभग 34.00 कु0 धान तौल हो रही थी। क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 14.11.2025 तक केन्द्र मेंहदावल पर 29.96 मी0टन धान खरीद 04 किसानों से की गयी है एवं केन्द्र मेहदावल द्वितीय पर 31.80 मी0टन धान 05 किसानो से तौल हो चुकी है।

जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारी को केन्द्रों पर किसानों के अधिक आवक होने पर टोकन रजिस्टर पर किसानों को टोकन प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया एवं सम्बन्धित कृषक का नम्बर आने पर उसे अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम जिलाधिकारी द्वारा पी0सी0एफ0 क्रय केन्द्र बी-पैक्स विसौवा भटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी उपस्थित पाये गये किन्तु केन्द्र पर अभी तक खरीद प्रारम्भ नही होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित धान क्रय केन्द्र प्रभारी एवं जिला प्रबन्धक, पी०सी०एफ० को निर्देशित किया गया कि केन्द्र पर धान की तौल तत्काल सुनिश्चित की जाये एवं अधिक से अधिक किसानों से सम्पर्क करके उनका पंजीकरण कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर धान की तौल करायी जाये।

जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी मेंहदावल को भी निर्देशित किया कि जो भी किसान अपना धान विक्रय करने हेतु पंजीकरण कराये है उन सम्बन्धित किसानो का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर करें।

# गाली गलौज कर धमकी देने का आरोप, फोन में कैद हुई ऑडियो रिकॉर्डिंग

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला ने अपनी पुत्री के प्रेमी पर पीड़िता के दो पुत्रों को जान से मारने की धमकी देने और षड्यंत्र रचकर झूठे मुकदमे में फसने सहित आदि कई गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सहित ऑडियो देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री बीए, बीएड की छात्रा थी और चार महा पूर्व घर से बिना बताए गायब हो गई थी। पीड़िता ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी पुलिस जांच के दौरान पीड़ितों का पता लगा कि उसकी पुत्री कस्बा निवासी एक युवक के पास है पीड़ितों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया था। आरोप है कि विगत शुक्रवार की शाम को उसकी पुत्री के प्रेमी ने उसके बड़े पुत्र को फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर के बाद आरोपी ने उसके छोटे पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तेरी बहन को भगाकर अपने पास रख रखा है तुम्हे शर्म आनी चाहिए।

# इंटर्नशिप के बहाने युवक को फँसाया , शादी कराई

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें इंटर्नशिप के बहाने एक युवक को प्रेमजाल में फँसाकर शादी कराने, फिर झूठे मुकदमे में फंसाकर भारी रकम वसूलने की साजिश का आरोप लगाया गया है। पीड़ित मां सुशीला देवी ने पूरे प्रकरण की तहरीर पुलिस क्षेत्राधिकारी (हाईवे), बिथरी चैनपुर को देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के शांतिविहार कॉलोनी निवासी सुशीला देवी के अनुसार उनका बेटा कुशल यादव दीपमाला नर्सिंग कॉलेज से बीएससी नर्सिंग कर रहा है। इंटर्नशिप के लिए वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिथरी चैनपुर गया था, जहाँ गंगाशील नर्सिंग कॉलेज की छात्रा भी इंटर्नशिप पर आई हुई थी। युवती ने पहले नाम पूछा, फिर नंबर मांगते हुए कहा कि इंटर्नशिप साथ करनी है, तो जानकारी लेते रहेंगे। इसके बाद दोनों की चैटिंग और फोन पर बात शुरू हो गई। कुशल को युवती पर भरोसा होने लगा। कुछ समय बाद युवती ने कुशल की मुलाकात अपने माताझ्रपिता से कराई। आरोप है कि युवती के पिता ने जरूरत बताकर कुशल से दो लाख रुपये उधार ले लिए। कुशल ने अपनी फीस के पैसे और दोस्तों से उधार लेकर यह रकम दी। कुछ दिनों के बाद युवती ने कुशल को बहलाझ्रफुसलाकर अपने घर बदायूँ बुला लिया। आरोप है कि वहाँ युवती के पिता, माता और भाई ने कुशल को धमकाकर जबरन शादी करा दी। शादी के बाद कहा गयाह्लअब ये तुम्हारी पत्नी है, दिए गए दो लाख रुपये इसी को दिए माने जाएंगे। कुशल ने आगे 5 लाख रुपये देने से इनकार किया तो परिजनों ने उसे डराया-धमकाया और कहाह्लबात नहीं मानेगा तो बलात्कार का केस लगा देंगे। सुशीला देवी का आरोप है कि मना करने पर ही युवती पक्ष ने कुशल पर मुअस 360/25, धारा 87 इठर में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया और अब 10 लाख रुपये में समझौता करने की बात कह रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि युवती पक्ष के लोग 7 लाख रुपये देने का दबाव बनाते हुए कई बार अलग-अलग जगह बुलाकर धमका चुके हैं। सुशीला देवी ने कहा कि उनके बेटे को प्रेमजाल में फँसाकर, धमकाकर शादी कराई गई और अब पैसे वसूलने के लिए झूठे केस में फँसाया जा रहा है।

# ऑटो में महिला के कीमती बैग से लाखों का जेवरात पार

**बरेली।** आटो यात्रा के दौरान एक महिला का कीमती बैग काटकर लाखों के जेवरात चोरी कर लिए गए। यही नहीं, जब पीड़िता शिकायत लेकर थाना पहुंची तो ऑटो चालक के पिता ने खुलेआम धमकी दे डाली। मामला बहेड़ी क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मुड़िया जागीर निवासी रजनी पत्नी अम्बा प्रसाद ने बताया कि वह 13 नवंबर 2025 को मोहम्मदपुर चौराहे से ऑटो में बैठकर देवरनियां जा रही थीं। उनके पास कीमती जेवरात और कपड़ों से भरा बैग था। आरोप है कि मना करने के बावजूद ड्राइवर ने बैग को ऑटो की छत पर रख दिया और कहा कोई दिक्कत होगी तो जिम्मेदारी मेरी होगी। ऑटो में पहले से खड़े तीन युवक पीछे लटककर बैठ गए, जो जाम आने पर उतर गए। रास्ते में इसके बाद कोई नहीं चढ़ा। देवरनियां पहुंचकर जब रजनी ने बैग खोला तो चेन काटकर सोने की चैन, हार, रिंग, झुमकी, चांदी की पायल, डायमंड रिंग समेत सारा कीमती सामान गायब था।

# 20.80 किलो अवैध डोडा छिल्का के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बीती रात बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 20.80 किलो अवैध डोडा छिल्का और एक मोटरसाइकिल वढ25 ऊर 3816 बरामद की। पकड़े गए तस्कर डोडा छिल्का बेचने की फिराक में दिव्यानी लोन के पास खड़े थे।

थाना बारादरी में तैनात दरोगा कुशलपाल सिंह,जावेद अख्तर व हमराही पुलिसकर्मियों के साथा गश्त के दौरान जगतपुर चौराहे पर थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो व्यक्ति बोरे में नशीला पदार्थ लेकर बेचने की फिराक में खड़े हैं। फौरन घेराबंदी कर पुलिस ने दोनों को मौके से पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम नाम वीरपाल (उम्र 34 वर्ष, निवासी तुमड़िया फरीदपुर) व विरेंद्र सिंह (उम्र 21 वर्ष, निवासी गोविंदपुर फरीदपुर) बताया।

पुलिस ने दोनों के कब्जे से बोरे में भरा 20.80 किलोग्राम डोडा छिल्का बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल वढ25ऊर3816 भी बरामद हुई। जांच में यह वाहन मेम्बर सक्सेना निवासी बनारा बल्लिया, थाना आवला के नाम से पंजीकृत मिली। आरोपियों ने बताया कि वे इसी मोटरसाइकिल से डोडा छिल्का की खरीद-फरोख्त करते थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बारादरी में धारा 8/15/60 ठऊढर अू३ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सौरभ सिंह के जन्म जयंती पर महाविद्यालय में छात्राओं को मुख्य अतिथि ने किया छात्रवृत्ति वितरण

**वेलकम इंडिया/ संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को शौरभ सिंह के जन्म जयंती पर शौरभ सिंह छात्रवृत्ति योजना के तहत बीते शनिवार को हुए महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाने वाली तीन छात्राओं को मैडल व छात्रवृत्ति देकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।वही महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष में सबसे ज्यादा अंक पाने वाली दो छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रोटोकॉल प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र किसान मोर्चा शैलेश पांडेय व विशिष्ट अथिति भाजपा नेता राम सकल पटेल व प्रबन्धक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम द्वारा दिवंगत सौरभ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि शैलेश पांडेय द्वारा शौरभ सिंह छात्रवृत्ति के तहत स्थान पाने वाली छात्रा सृष्टि राय, पूनम भारद्वाज, आंचल व सबसे ज्यादा महाविद्यालय में स्नातक में अंक पाने वाली छात्रा ज्योति पटेल व मान्या पांडेय को मैडल, प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति एवं बैग देकर सम्मानित किया गया।सौरभ सिंह की याद में 100 मेधावी छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा हेतु मुख्य अतिथि द्वारा कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि शैलेश पांडेय ने अपने सम्बोधन में बोले कि शौरभ एक होनहार छात्र था और बचपन से ही सामाजिक कार्यों में रुचि लेता था उसका बचपन से ही सपना था कि समाज मे ग्रामीण पृष्ठ भूमि में लड़कियों के लिए भी शिक्षा की उचित व्यवस्था हो इसी उद्देश्य हेतु सौरभ सिंह ने इस महाविद्यालय की स्थापना का संकल्प लिया था सौरभ का संपूर्ण जीवन सामाजिक कार्यों के लिए ही समर्पित था जब वो इस दुनिया में नही है तो हम सब उनके संकल्प को पूरा कर रहे है।शौरभ जैसा होना आज के समय में बहुत ही मुश्किल है लेकिन शौरभ का न होना हम लोगों के लिए बड़ा ही पीड़ा दाई है।

मुख्य अतिथि का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम द्वारा मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर किया गया वही विशिष्ट अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया।

## टेंपो में जेब काटकर मावा व्यापारी के 1 लाख रुपये उड़ाए

**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े जेबकतरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नवाबगंज से मावा (खोया) के 1 लाख रुपये लेकर आए मावा व्यापारी महावीर के साथ डोरा मोड़ पर बड़ी चोरी हो गई। घटना दोपहर लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। महावीर पुत्र रामदास निवासी दातागंज (बदायूं) के अनुसार वे नवाबगंज से मावा के एक लाख रुपये लेकर बरेली आए थे और यहां से केसरपुर जा रहे थे। जैसे ही वे डोरा मोड़ पर टेंपो में बैठे, इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल सवार एक युवक ने अपनी एक सवारी उसी टेंपो में बैठाई। थोड़ी दूरी पर जाकर वह सवारी उतर गई। उसी समय महावीर ने जेब चेक की तो जेब कटी हुई थी और 1 लाख रुपये गायब थे। महावीर जैसे ही टेंपो से उतरकर उस संदिग्ध युवक के पीछे दौड़े, तभी वह आगे खड़ी उसी पल्सर बाइक पर बैठ गया और मोटरसाइकिल सवार उसे लेकर फरार हो गया।

# चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस का बढ़नी में हुआ ठहराव, यात्रियों को मिली बड़ी सौगात

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढनी/सिद्धार्थनगर।** स्थानीय यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। रेलवे ने प्रशासन चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस का ठहराव अब बढ़नी रेलवे स्टेशन पर देने की घोषणा की है। आपको बता दें कि चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि ने नगरवासियों के आग्रह पर अपने लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल से बढ़नी स्टेशन पर चम्पारण हमसफर के ठहराव की विनती किया था, जिसके क्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर बढ़नी में चम्पारण हमसफर ट्रेन के ठहराव हेतु आग्रह किया था।

वहीं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सांसद जगदम्बिका पाल के कहने पर चम्पारण हमसफर का बढ़नी स्टेशन पर ठहराव स्वीकृति कर दिया। इससे क्षेत्र के यात्रियों को यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी। वहीं गत माह बढ़नी के मीडिया प्रतिनिधियों ने डीआरएम लखनऊ को ज्ञापन देकर ट्रेन के स्टापेज की मांग की थी। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने इस मांग को स्वीकार करते हुए बढ़नी स्टेशन पर ठहराव की अनुमति दी है। स्थानीय नागरिक नितेश रौनियार, मिथुन अग्रहरि, संजय मित्तल, अर्जुन यादव, सुबाष विश्वकर्मा, पंकज चतुवेर्दी, आशीष अग्रहरि, यश आदि गुप्ता यात्रियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने रेलवे प्रशासन और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने लगातार प्रयास कर यह सौगात दिलाई। चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस 15705 कटिहार जंक्शन से पुरानी दिल्ली जंक्शन तक सप्ताह में 2 दिन चलती है। यह कटिहार जंक्शन से पुरानी दिल्ली जंक्शन तक चलने वाली प्रमुख ट्रेन है और 1417 किमी. की दूरी तय करती है। अब यात्रियों को लंबे सफर के लिए दूसरे स्टेशनों तक जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। रेलवे का यह निर्णय क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सार संक्षेप

### सांसद जगदंबिका पाल ने 50 बेड के विश्राम सदन के उद्घाटन समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर में निर्मित 50 बेड के अत्याधुनिक विश्राम सदन के भव्य उद्घाटन समारोह से पूर्व शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल ने कार्यक्रम स्थल बीएसए ग्राउंड, नौगढ़ का निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशाझनिर्देश प्रदान किए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम में आने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों के लिए सभी सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध रहें। सांसद ने कहा कि 50 बेड का यह विश्राम सदन चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत प्रदान करेगा। यह सुविधा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भाजपा (एनडीए) की बिहार में प्रचंड जीत का मनाया जश्न



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** भाजपा (एनडीए) की प्रचंड बहुमत वाली बिहार में सरकार बनने के बाद किठौर मंडल कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।शनिवार को कस्बा शाहजहांपुर मेरठ-गढ़ रोड स्थित नवनीत कंसल की दुकान पर कार्यकताओं ने जीत का जश्न मनाया और लड्डू बांटकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। कार्यकताओं ने कहा कि यह जीत केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।जश्न के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति देवेंद्र गुर्जर, किठौर मंडल अध्यक्ष अनुज नागर, महामंत्री विक्रांत त्यागी, अमित सैनी, दीपक तोमर, अजय तोमर, कमल कंसल, ताराचंद, संदीप त्यागी, बलराज गुर्जर, केपी अधाना, नंदू वाल्मीकि, जावेद खान, दानिश कस्सार, मुजाहिद साजो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार विधानसभा चुनाव :

# जीत पर झूमे एआईएमआईएम कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** बिहार में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना में एआईएमआईएम की जीत की खबर के बाद पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं में उत्साह दिखाई दिया। पार्टी जिला कार्यालय के साथ साथ जिले भर मे अन्य स्थानों पर भी जश्न मनाया।

शनिवार को एआईएमआईएम के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने बांसी विधानसभा के ग्राम पंचायत मलौली मे पहुंच कर डा. शाहिद चौधरी व जिलाध्यक्ष निशांत अली के नेतृत्व में बिहार चुनाव में एआईएमआईएम की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष निशांत अली ने एआईएमआईएम के मजबूत एवं दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना के साथ असदुद्दीन ओवैसी की नीति की तारीफ की। इस दौरान डाक्टर शाहिद चौधरी, आतिफ अख्तर, नईम अख्तर अंसारी, सरवर आलम, आसिफ इकबाल, शम्स तबरेज, शमसुद्दीन अंसारी, मुजीबुर्रहमान , कारी तैयब फैजी, अफजल खान, तनबीर अहमद, मेराज चौधरी, राजेश गुप्ता, ऐहसास खान,परवेज चौधरी, राशिद शेख आदि मौजूद रहे।

## आवारा सांड ने घोडा तांगे में लगे घोडे को पटका घोडे की मौत

**डिबाई।** डिबाई की अनाज मण्डी में मौजूद सब्जी की थोक मण्डी में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया जहां आपस में लड रहे दो साडों ने एक घोडे को जमीन पर पटक दिया इस घटना के दौरान घोडा स्वामी ने भागकर अपनी जान बचाई।लेकिन इसी दौरान घोडे की मौके पर मौत हो गई है।वहीं घोडे की मौत से घोडा स्वामी के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है।क्योंकि घोडा स्वामी इसी घोडे की मदद से तांगा चलाकर गांव गांव जाकर सब्जी बेचने का काम करता है।इस हृदय विदारक घटना से आहत सब्जी मण्डी आढतियों एवम कुछ समाज सेवियों ने आपस में चन्दा इकठ्ठा कर घोडे स्वामी केसरदेव को धनराशि सौपी है जिससे उसके परिवार का पालन पोषण हो सके और वहीं जब इसकी जानकारी डिबाई एसडीएम मनीष कुमार को दी गई तो तुरंत स्थानीय लेखपाल राजेश यादव को मौके पर भेजकर घटना की जानकारी जुटाई तथा पीड़ित केसरदेव को सरकार द्वारा हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

# राजकीय हाई स्कूल में करियर मेला आयोजित




**संदीप तिवारी/ वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** राजकीय हाई स्कूल प्रतापपुर में शनिवार को एक करियर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें भविष्य के लिए बेहतर करियर चुनने में सहायता करना था।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बृजेश यादव और कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर के प्रधानाध्यापक रामबली कनौजिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रश्मि सारस्वत, शिक्षिकाएं सुजला पांडेय, बबीता दुबे, मंजू मौर्या, कीर्ति दीक्षित, कोमल, प्रियंका तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।करियर काउंसलर गरिमा ने 'पंख पोर्टल' और करियर चयन में अभिभावकों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। इसी अवसर पर विद्यालय की 'पंख पत्रिका दर्पण' का विमोचन भी प्रधानाचार्य द्वारा किया गया।

# बी-पैक्स के केसीसी ऋण पर भारत सरकार के ब्याज अनुदान के संबंध में



**वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि समितियों के माध्यम से कृषकों को 3 प्रतिशत की दर से केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा था। कृषकों को दिये जाने वाले भारत सरकार एवं राज्य सरकार के ब्याज अनुदान का क्लेम समितियों जिला सहकारी बैंक के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार से कराती थी। उक्त व्यवस्था में भारत सरकार द्वारा परिवर्तन करते हुयें 3 प्रतिशत का अनुदान समितियों के माध्यम से मैन्युअल न प्राप्त करके केआरपी पोर्टल के माध्यम से किया जाने लगा, जिस कारण नियमित कृषकों से 7 प्रतिशत ब्याज दर से वसूली की जा रही है।

वर्तमान में 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान की धनराशि केआरपी पोर्टल के माध्यम से कृषकवार फीडिंग करने के उपरान्त वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत लेन-देन करने वाले कृषकों को केडिट की जाती है अर्थात जिन कृषकों द्वारा वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत ही ऋण प्राप्त करके वित्तीय वर्ष के अन्दर ही जमा कर दिया जाता है, उनका क्लेम केआरपी पोर्टल के खुल जाने के बाद समिति एवं बैंक के द्वारा केआरपी पोर्टल पर क्लेम फीड कर दिया जाता है। वर्तमान में जिन कृषकों के द्वारा 01 अप्रैल 2025 के पश्चात ऋण की वसूली जमा करायी गई है,उन कृषकों के ब्याज अनुदान का क्लेम केआरपी पोर्टल के खुल जाने के पश्चात किया जायेगा।उक्त के अतिरिक्त जिन कृषकों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करके 31 मार्च 2025 तक जमा कर दिया है, उन कृषकों का ब्याज अनुदान क्लेम केआरपी पोर्टल के माध्यम से किया जा चुका है।

# भारत स्काउट एंड गाइड के स्टेट लेवल रिहर्सल कैंप का सफल समापन



**वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा आयोजित स्टेट लेवल रिहर्सल कैंप का मदनी यूथ सेंटर,देवबंद में उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ।पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में हापुड़, बागपत, शामली, गाज़ियाबाद, दिल्ली,अमरोहा और मुजफ्फरनगर सहित विभिन्न जिलों के कुल 84 स्काउट्स और यूनिट लीडर्स ने भाग लिया।

लोकल एसोसिएशन हापुड़ से असिस्टेंट डीओसी मोहम्मद खालिद के नेतृत्व में यूनिट लीडर अब्दुल्लाह व साकिब की देखरेख में 16 स्काउट्स की टीम शामिल हुई। स्काउट्स ने लगन और अनुशासन के साथ भारत स्काउटिंग स्किल्स का अभ्यास करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कैंप का संचालन जमीयत यूथ क्लब के सेक्रेटरी कारी अहमद अब्दुल्लाह और स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर सलीम त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया।

अधिकारियों ने प्रतिभागियों को नेतृत्व,अनुशासन,सेवा भावना और स्काउटिंग सिद्धांतों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए मुंबई में हुआ महानारायण यज्ञ

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के पदाधिकारियों द्वारा मुंबई में वैश्विक महानारायण यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें 16 देश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्रीकृष्ण जन्म भूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी ने बताया कि अब वह दिन दूर नहीं जब अयोध्या की तरह मथुरा में भी श्रीकृष्ण भगवान का बहुत दिव्य और भव्य मंदिर बनेगा ,उन्होंने बताया कि मुंबई की धरती वीरों की धरती है ,यहां पर सभी सनातनी हिंदुओं ने श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर मुक्ति के लिए महा नारायण यज्ञ का आयोजन किया है जिसमें हजारों सनातनियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के लोगों में बहुत भारी उत्साह है, वह चाहते हैं कि हमारे भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर जल्द से जल्द आजाद हो। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प बहुत जल्दी पूरा होगा ऐसा हमको विश्वास है ,उन्होंने वहां उपस्थित सभी सनातनियों को बताया कि उन्होंने प्राचीन साक्ष्य न्यायालय में जमा कर दिए हैं, और उनका विश्वास है माननीय न्यायालय साक्ष्य के आधार पर अपना फैसला सुनाएगा और अयोध्या की तरह मथुरा में भी मुगल शासको का अवैध अतिक्रमण हटेगा।

## स्वास्थ व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**बागेश्वर।** पालड़िछिना क्षेत्र के क्षेपं सदस्य फतेह सिंह करायत ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा हेतु बेहतर बनाने, स्वास्थ केंद्र पालड़िछिना में पेयजल व्यवस्था, केंद्र में मरीजों को एम्बुलेंस सेवा के साथ ही एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीन लगाकर मरीजों को उचित जांच की सुविधा प्रदान करने सहित आयुष केंद्र के भवन की मरम्मत की मांग और अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वही सीएमओ कुमार आदित्य तिवारी ने क्षेपं सदस्य को प्रमुख समस्याओं के जल्द निराकरण करने का भरोसा दिया।वही क्षेपं सदस्य ने जल्द समस्या का समाधान नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया

**वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से दो का मौके पर जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में घरेलू हिंसा,जमीनी विवाद जैसी समस्याएं आई जिस पर जिला अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए।

जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में तहसील दिवस धौलाना की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार द्वारा तहसील दिवस में प्राप्त 35 शिकायतों में से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर काशी में उमड़ा उत्सव





**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी** । बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए को मिली प्रचंड जीत की खबर जैसे ही फैली,काशी में भाजपा कार्यकर्ताओं के हृदय में उमंग की तरंगें लहराने लगीं गुलाबबाग स्थित भाजपा कार्यालय पर दृश्य कुछ ऐसा था मानो दीपावली की चकाचौंध फिर से उतर आई हो ढोल नगाड़ों की तेज थापों पर कार्यकर्ता ताल से ताल मिलाते थिरक रहे थे आतिशबाजी से आकाश रौशन था और हवा में घुली मिठाई की सुगंध,चेहरे पर झलमलाती मुस्कान सब मिलकर उत्सव का ऐसा भाव रच रहे थे मानो लोकतंत्र स्वयं विजय पताका फहरा रहा हो कार्यालय परिसर गुलाबी रोशनी,केसरिया उमंग और उत्साह की गहन लहरों से भर उठा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर,गले लगाकर और एनडीए विजय के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया हर ओर प्रसन्नता की ऐसी हवा बही कि लगता था बिहार की जीत काशी की धमनियों में भी प्रकाश बनकर दौड़ गई है।भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने इस अवसर पर कहा कि यह जीत जनता के विकास संकल्प और लोकतंत्र की अटूट आस्था की विजय है उन्होंने कहा बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति को सर आंखों पर रखा है यह जीत कार्यकताओं की तपस्या और जनता के आशीर्वाद की चमक है महापौर अशोक तिवारी ने एनडीए की प्रचंड जीत को सत्य पर जनता की मोहर बताते हुए कहा बिहार की जनता ने राहुल गांधी के प्रपंच और महागठबंधन के हर झूठ को नकार दिया नकारात्मकता और छल का जो धुंध फैलाया गया था,जनता ने उसे हवा के झोंके की तरह उड़ा दिया।

## बिहार विधान सभा में एनडीए को जबरदस्त बहुमत पर बधाई : संपूर्णा नंद पाण्डेय



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने बिहार विधान सभा में एनडीए सरकार बनने पर बधाई दिया और कहा कि एक बार फिर मोदी जी पर विश्वाश रखने पर बिहार के सभी जनता और वोटर को धन्यवाद और बधाई। बिहार की जनता ने जिस प्रकार नीतीश सरकार पर विश्वाश जताया उसके लिए बिहार की जनता को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा की तरह से धन्यवाद । पाण्डेय जी ने कहा कि महागठबंधन को अभी बहुत मेहनत करना पड़ेगा भविष्य में महागठबंधन गुंडागर्दी छोड़े और जनता का ख्याल रखें तभी भविष्य में कुछ सुधार हो सकता

# 109 बीज विक्रय केन्द्रो पर छापे की कार्यवाही करते हुए कुल 67 बीज नमूने लिए

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी, बिजनौर के निदेशों के क्रम में व्यापक निरीक्षण छापामार कार्यवाही जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर एवं उपजिलाधिकारी, बिजनौर नजीबाबाद एवं उप कृषि निदेशक, बिजनौर एवं उपजिलाधिकारी, चान्दपुर एवं धामपुर एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक- ग्रुप- ए0, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर एवं उपजिलाधिकारी, नगीना की संयुक्त टीमो द्वारा जनपद के कृषको को निर्धारित दर पर उच्च गुणवत्तायुक्त बीजो की उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीज बिक्री केन्द्रो गोदामो पर व्यापक छापामारी की कार्यवाही की गयी।

गठित संयुक्त टीम द्वारा जनपद की कुल 109 बीज विक्रय केन्द्रो पर छापे की कार्यवाही की गयी तथा कुल 67 बीज नमूने ग्रहित किये गये।साथ ही निरीक्षण के समय दुकान बन्द कर भागने एवं अन्य अनियमित्ताओं के कारण 04 बीज विक्रेता मै0 कौशल बीज भण्डार, आजाद नगर कलोनी, नगीना, मै0 किसान बीज भण्डार, महमूदपुर भावता रोड, कोतवाली देहात, मै0 सरस्वती बीज भण्डार, कोटद्वार रोड, नजीबाबाद एवं मै0 ओम शिव ट्रैडिग कम्पनी, बिजनौर के प्राधिकार पत्र निलम्बित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किये गये।

उक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक बीज निरीक्षक, बिजनौर द्वारा मै0 पंतजली किसान सेवा केन्द्र, चान्दपुर के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के समय मै0 हरित एग्रो प्रो0, कोर्ट रोड, काशीपुर, उत्तराखण्ड द्वारा सत्यापित बीजो की आपूर्ति पायी गयी, जिसके सन्दर्भ में विक्रेता से अभिलेख चाहे गये, जो उसके द्वारा प्रस्तुत नही किये गये। अतः स्टाक को संदिग्ध मानते हुए इस कम्पनी के गेंहू एच0पी0डबलू0-303 टी0एल0 के 55 बैग 20 किग्रा, गेंहू पी0बी0डबलू0-826 टी0एल0 मात्रा 16 बैग 40 किग्रा एवं गेहू एच0डी0-2967 प्रमाणित मात्रा 31 बैग 40 किग्रा को तत्काल प्रभाव से बिक्री प्रतिबन्धित करते हुए कम्पनी एवं विक्रेता को नोटिस जारी किया गया। साथ ही समस्त बीज विक्रेताओ को निरीक्षण के समय निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बीज कम्पनीयो से बिल/ राज्य स्तरीय प्राधिकार पत्र के आधार पर बीजो की प्राप्ति करते हुए वितरित करते समय कृषको को अनिवार्य रूप से कैश मीमो/रसीद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। अन्यथा की स्थिति में बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियन्त्रण आदेश-1971 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की जायगी।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** मंडावर क्षेत्र के गांव सीमला कलां नई बस्ती की रहने वाली एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई ।शनिवार सुबह मेघराज सिंह अपनी पत्नी सुमरती को नारायण इंटर कॉलेज दयालवाला में काम पर छोड़ने और फूल कुमारी पत्नी जयप्रकाश उर्फ शास्त्री निवासी सीमला कलां नई बस्ती को काम के लिए बात कराने के उद्देश्य से उन्हें मोटरसाइकिल पर साथ लेकर दयालवाला जा रहे थे ।जैसे ही सरकारी बिजली के कुएं के सामने पहुंचे तो मंडावर की ओर से आ रहे ट्रक चालक महताब पुत्र अहसान, निवासी ग्राम गंजालपुर के ट्रक की चपेट में आने से फूल कुमारी उम्र 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सुमरती पत्नी मेघराज घायल हो गईं ।सूचना मिलते ही सूचना पर पहुंची मंडावर पुलिस ने घायल सुमरती को अस्पताल भिजवाया। और मृतक फूल कुमारी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मृतका फूल कुमारी के पांच बच्चे हैं—दो लड़कियां और तीन लड़के, जिनमें एक लड़के की शादी हो चुकी है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूत्रों से ज्ञात हुआ कि वाहन स्वामी संदीप निवासी ग्राम बादशाहपुर और मृतका के परिवारवालों में समझौता हो गया है।

## झालू में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में शिक्षक निलंबित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** हल्दौर थाना क्षेत्र के झालू कस्बे में एक सरकारी शिक्षक पर किशोरी से दुष्कर्म के आरोप के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) सचिन कसाना ने आरोपी शिक्षक तनवीर अहमद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।जानकारी के अनुसार, झालू के एक मोहल्ले में रहने वाली 12 वर्षीय छात्रा सातवीं कक्षा में पढ़ती है और आरोपी शिक्षक तनवीर अहमद के पास ट्यूशन लेती थी। तनवीर अहमद नगीना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात है और झालू में ट्यूशन के लिए एक कमरा किराए पर ले रखा था ।आरोप है कि रविवार शाम जब छात्रा ट्यूशन के लिए पहुंची तो शिक्षक उसे अपनी कार में बहला-फुसलाकर ईदगाह के पीछे खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने थाने में शिकायत दी ।पुलिस ने आरोपी तनवीर अहमद के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक के जेल भेजे जाने के बाद उसे निलंबित करने का आदेश जारी किया ।बीएसए सचिन कसाना ने बताया कि आरोपी शिक्षक पर पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है और विभागीय कार्रवाई भी जारी है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद रायपुर मार्ग पर दर्दनाक हादसा, चालक फरार नजीबाबाद के जोगीरामपुरी क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नजीबाबादझ्ररायपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर हालत में भर्ती है। हादसा रात करीब 10:30 बजे नगीना देहात थाना क्षेत्र के गांव जोगीरामपुरी चौराहे पर हुआ। मृतक युवक की पहचान श्यामपुर, हरिद्वार निवासी जैकी (पुत्र विजय) के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक बॉबी (पुत्र रामकिशोर) भी श्यामपुर, हरिद्वार का निवासी है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक मुरादाबाद के कांठ से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नजीबाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों को सीएचसी समीपुर नजीबाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जैकी को मृत घोषित कर दिया। घायल बॉबी का इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## नहटौर-नूरपुर मार्ग पर सड़क हादसा तीन बाइक सवार घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नहटौर-नूरपुर मार्ग पर गांव खंडसाल के पास गुरुवार देर शाम करीब 6:30 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नहटौर ले जाया गया, जहां से एक युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, नहटौर क्षेत्र के गांव नंहेड़ा निवासी रिंकू, सतीश और महेंद्र मजदूरी करके नहटौर से एक ही बाइक पर घर लौट रहे थे। तभी खंडसाल गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। सीएचसी में तैनात चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि रिंकू की हालत गंभीर है, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने वाराणसी स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर किया चेकिंग

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है।

वाराणसी कैंट स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई।

स्टेशन वाराणसी सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में वाहन लगाने के जुर्म में तीन वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे की धारा 159 में मामला पंजीकृत किया गया वाराणसी स्टेशन जनआहर के सामने यात्रियों के मध्य न्यूसेंस करने पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 145 में मामला पंजीकृत किया गया तथा स्टेशन वाराणसी गाड़ी संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस में चेन पुलिंग करने के जुर्म में एक व्यक्ति के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 141 में मामला पंजीकृत किया गया। कुल छह के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया ।

## नियमों का पालन करने वालो को सराहा

**झांसी।** शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से ट्रैफिक वाडेनो ने यातायात पुलिस द्वारा बीकेडी चौराहा पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया इस विशेष जागरूकता अभियान के दौरान ट्रैफिक वाडेनों एवं यातायात प्रभारी उमा कांत ओझा द्वारा नियमों का पालन करने वाले वाहन चालको की सराहना की जा रही है और जो वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए उन पर कार्रवाई भी की जाएगी इस मुहिम के दौरान बिना नंबर या स्टाइलिश नंबर प्लेट, मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले, तीन सवारी बैठाने वाले, रेड लाइट का उल्लंघन करने, ब्लेक फिल्म आदि वाहनों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा चौराहा पर माइक से अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन में सहयोग की अपील भी की गई।

## हवा में उठा ट्रैक्टर-ट्रॉली: धान खाली करते वक्त हुआ हादसा



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** शनिवार को मोंठ गल्ला मंडी में ट्राली खाली करते वक्त बड़ा हादसा टला, ट्रैक्टर के पिछले पहिये हवा में उठ गए। किसान बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश के जनपद दतिया में पण्डोखर कस्बा निवासी सतीश गुर्जर, मोंठ गल्ला मंडी में धान की फसल बेचने आये थे। फसल बेचने के बाद व्यापारी का आड़त पर ट्राली खाली कर रहा था। किसान ने जैसे ही ट्राली उठाई अचानक ट्रैक्टर के पिछले पहिये भी हवा में उठ गए। ये देखते ही किसानों में भगदड़ मच गई।

किसान ने ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई। मंडी में मौजूद किसानों ने ये वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## झांसी के बड़े बाजारों में अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्यवाही



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** नगर निगम ने बड़ा बाजार स्थित गांधीघर का टापरा, और मानिक चौक समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार समय करीब 1:30 बजे बड़ी कार्रवाई की है। सड़क किनारे और नाली पर किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। इस दौरान 3 फुट से अधिक निकले छज्जों पर भी सख्ती दिखाई गई। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही और उन्होंने नगर निगम टीम का हल्का-फुल्का विरोध भी किया। हालांकि, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान जारी रहा और कई जगहों से अवैध निर्माण हटाए गए, जिससे सड़कें और नालियां खुली हो सकीं।

## ईदगाह में बुनकर बिरादराना तंजीम बाईसी के सरदार हाजी हाफिज मोइनुद्दीन की सदारत में अदा की गयी अगहनी जुमे की नमाज

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** अगहनी जूमे की नमाज पुरानापुल पुल्कोहना स्थित ईदगाह मे बुनकर बिरादराना तंजीम बाईसी के सरदार हाजी हाफिज मोइनुद्दीन उर्फ कल्लू हाफिजी की सदारत में सदियों पुरानी पारंपरिक अगहनी जुमे की नमाज अदा की गयी इस मौके पर सरदार हाजी हाफिज मोइनुद्दीन उर्फ कल्लू हाफिजी ने बताया की अगहन के इस पवित्र महीने में पूरा बुनकर समाज अगहनी जुमे की नमाज हर साल ईदगाह में अपना अपना कारोबार ₹मुर्रीं₹ बंद कर अदा करने आता है ये सिलसिला लगभग 465 साल पहले से चली आ रही है उस वक़्त देश के हालात ठीक नहीं थे किसान और बुनकर दोनो समाज के लोग परेशान और बदहाल थे बारिस न होने की वजह से खेती नहीं हो पा रही थी जिसकी वजह से किसान भाई परेशान थे खेती नही होने की वजह से देश में अकाल पड़ा था और बुनकरो के कारोबार भी नही चल रहें थे चारों तरफ मंदी का दौर था तब उस वक्त बुनकर समाज के लोगो ने फैसला किया कि सभी बुनकर अपना अपना कारोबार बंद कर ईदगाह में इकठ्ठा होकर अगहन के महीने में ईदगाह में नमाज अदा करेंगे और अल्लाह की बारगाह में हाथ फैलाकर दुआ करेंगे और दुआ का असर ये हुआ कि अल्लाह ताला का करम हुआ और खूब जमकर बारिस हुयी किसानो में खुसी की लहर दौड़ गयी और उसके साथ साथ बुनकरों के कारोबार में भी तेजी आई बुनकरों में भी खुशियों का दौर शुरू हुआ तभी से इस परंपरा को बुनकर बिरादराना तंजीम बायीसी निभा रही है ।बनारस की दूसरी तंजीम बुनकर बिरादराना तनजी बावनी के सद्र हाजी मुख़्तार महतो साहब के लड़के फैसल महतो ने बताया की ये अगहनी जुमा की नमाज गंगा जमुनी तहजीब की एक जीता जागता सुबूत है सदियो पहले जब मुल्क के हालात खराब थे।

## कादीपुर स्टेशन 12सी समपार फाटक पर आरओबी रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु 62 मीटर के ओपन वेब गर्डर की सफल लांचिंग

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल अपने स्टेशनों के पुनर्विकास योजना के अंतर्गत यात्री सुविधा विकास कार्यों के साथ-साथ सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है इसके लिए मंडल में पड़ने वाले समपार फाटकों पर रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज,लिमिटेड हाइट सबवे एवं अंडर पास बनाकर सड़क उपयोगकताओं को सुरक्षित एवं रेल परिचालन को संरक्षित करने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है इसी क्रम में वाराणसी मंडल के वाराणसी-औड़िहार रेल खण्ड एवं चौबेपुर-बाबतपुर की क्रासिंग पर कादीपुर रेलवे स्टेशन के समीप पड़ने वाले समपार फाटक संख्या 12 सी पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु 62 मीटर से अधिक लम्बे एवं 430 मीट्रिक टन वजन के ओपन वेब गर्डर की सफल लांचिंग का कार्य सभी फिटिंग सहित 15 नवम्बर 2025 शनिवार को सम्पन्न हुआ ।

आरओबी के ओपन वेब गर्डर की लॉन्चिंग का यह चुनौतीपूर्ण कार्य मात्र चार घंटे का ट्रैफिक एवं कर्षण ब्लाक लेकर सीमित अवधि में ही पूरे सुरक्षा प्रोटोकाल के साथ सफलतापूर्वक किया गया ओपन वेब गर्डर लांचिंग में उच्च क्षमता वाले रोड क्रेन का उपयोग किया गया तथा कार्य के दौरान एक क्रेन को स्टैण्ड बाई के रूप में रखा गया था लांच किये गये ओपन गर्डर में प्रत्येक की लम्बाई 62 मीटर तथा कुल वजन 430 मीट्रिक टन है ।

## पूर्व पार्षद ने जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम योगी को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**झांसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आउटसोर्स कर्मचारी सेवा निगम की स्थापना कर प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों पर हो रहे उत्पीड़न, शोषण एवं अन्याय जैसी गंभीर समस्याओं को समाप्त करने हेतु जो ऐतिहासिक कदम उठाया गया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इसके लिए झांसी नगर निगम, जल संस्थान, चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम तथा अन्य सभी विभागों के कर्मचारियों की ओर से मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की केबिनेट द्वारा दिनांक 02/09/2025 को आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (वढउडर) के गठन की घोषणा की गई थी। इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है कि—

किसी कर्मचारी की सेवा बिना उचित कारण एवं साक्ष्यों के समाप्त नहीं की जाएगी।

प्रत्येक माह की 01 से 05 तारीख तक वेतन सीधे सरकार द्वारा कर्मचारियों के खाते में भेजा जाएगा।

ई.पी.एफ., ई.एस.आई. तथा ?40 लाख तक का बीमा का लाभ दिया जाएगा।

न्यूनतम वेतन ?16,000 प्रति माह से कम नहीं होगा।

सेवा प्रदाता एजेंसियों का चयन ऋीट पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

इन घोषणाओं से प्रदेशभर के आउटसोर्स कर्मचारियों में एक नई आशा और उत्साह की लहर दौड़ी थी। किंतु यह बताया गया था कि इसका लाभ जुलाई 2025 अथवा अक्तूबर 2025 से लागू होगा, परंतु अब वर्ष 2025 का अंतिम माह भी आने को है और इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है।

नगर निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग, जल निगम तथा स्वास्थ्य विभागों में कार्यरत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी आज भी मात्र ?8,000झ?10,000 मासिक वेतन पर 10झ12 घंटे कार्य करने को विवश हैं।

# डीपीएस मोदीनगर में छः दिवसीय टैलेंट कार्निवल का भव्य समापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डीपीएस मोदीनगर में पाँच दिनों तक विविध गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजे टैलेंट कार्निवल 2025 का समापन दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर ऑल-इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष राहुल केसरवानी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही डीपीएस मोदीनगर के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी भी इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, जो ज्ञान, प्रगति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न राज्यों की झलक दिखाते हुए रंगारंग राज्यवार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और नृत्य प्रस्तुत किए। समापन दिवस पर पांचों दिनों में आयोजित खेल, शैक्षणिक, तकनीकी, कला, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया । दर्शकों ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत की खुलकर सराहना की।मुख्य अतिथि मनिंदरजीत सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लमैं डीपीएस मोदीनगर के इस उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करता हूँ। ऐसे कार्यक्रम केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों में समर्पण, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और नेतृत्व की भावना जगाने का माध्यम हैं। आने वाली पीढ़ी को रचनात्मक और जिम्मेदार नागरिक बनाना ही सच्ची शिक्षा है।ह्व विशिष्ट अतिथि राहुल केसरवानी ने कहा कि ह्लसहोदय समूह का उद्देश्य सदैव यही रहा है कि विद्यालय एक-दूसरे से सीखें और आगे बढ़ें। डीपीएस मोदीनगर के टैलेंट कार्निवल में बच्चों ने जिस आत्मविश्वास, तकनीकी दक्षता और सांस्कृतिक प्रेम का प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।ह्व चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने कहा कि ह्लहमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा अपनी प्रतिभा पहचान सके और स्वयं को नई ऊंचाइयों तक ले जाए। पाँच दिनों तक बच्चों को मंच मिला, और उन्होंने अपनी क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार पर मुझे गर्व है।ह्व ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने सभी बच्चों कि सराहना करते हुए कहा कि डीपीएस हमेशा से विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास पर विश्वास करता है। इस कार्निवल की प्रत्येक गतिविधि ने बच्चों में रचनात्मकता, सहयोग और आत्मविश्वास को बढ़ाया है। मैं सभी शिक्षकों और अभिभावकों का भी आभार व्यक्त करती हूँ।ह्व प्राधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्लहमारा प्रयास है कि विद्यालय में ऐसा वातावरण बने जहाँ हर बच्चा निडर होकर अपनी प्रतिभा व्यक्त कर सके।

# शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में दिव्य कलश यात्रा का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखंड दीप एवं उसकी समक्ष गायत्री महामंत्र जप के सौ वर्ष पूरे होने पर तथा उसके मोदीनगर क्षेत्र में प्रवास के अंतिम पड़ाव में पूणार्हुति के अंतर्गत मोदी मंदिर से लेकर के गायत्री शक्तिपीठ सीकरी कला तक एक विशाल दिव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें शहरी में ग्रामीण अंचल के लगभग 3000 बहनों ने शिरकत की कलश यात्रा का जगह-जगह पर नागरिकों ने ,प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। इसके पश्चात गायत्री शक्तिपीठ सीकरी कला पर एक विराट दीफ यज्ञ का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें विधायिका श्रीमती मंजू शिवाच ने शक्तिपीठ पर नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार मोदीनगर के मुख्य संरक्षक एन. पी. बंसल मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी के के वार्ष्णेय गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक प्रद्युमन, शांतिकुंज जॉन इंचार्ज, डॉक्टर ज्ञानेंद्र भारद्वाज, सतपाल ,बिना जी मनीष, सोमदेव, आदि ने शिरकत की।

# गिन्नी देवी गर्ल्स कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन ?



वेलकम इंडिया

- गृह विज्ञान में संचालित पांच कोर्सेज में पांच फ्रेशर्स तथा मिस आरंभ- 2025 का चुनाव निर्णायक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से किया गया ।
- समारोह में मनोरंजक प्रस्तुतियां ,नृत्य तथा गायन द्वारा छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. महाविद्यालय मोदीनगर में गृह विज्ञान (स्ववित्तपोषित) विभाग में आरंभ -2025 विषय पर नवांगतुक छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा तथा प्रवक्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस समारोह में मनोरंजक प्रस्तुतियां ,नृत्य तथा गायन द्वारा छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर नम्रता शर्मा द्वारा किया गया तथा मंच संचालन मिस अलहिबा तथा मिस भव्या मदान द्वारा किया गया। प्राचार्या ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम बताया ।गृह विज्ञान में संचालित पांच कोर्सेज में पांच फ्रेशर्स तथा मिस आरंभ- 2025 का चुनाव निर्णायक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से किया गया ।मिस आरंभ - 2025 का खिताब, बी.एस.सी. (सी.एन.डी .) प्रथम वर्ष की मिस अलहिबा को दिया गया। मिस फ्रेशर्स के रूप में एम.एस.सी. (फूड्स एंड न्यूट्रिशन )की मिस अर्पिता, एम.एस.सी. (टैक्सटाइल एंड क्लॉथिंग) की मिस खुशी, एम.ए.(गृह विज्ञान) की मिस स्वाति, बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) की मिस भव्या मदान तथा बी.एस.सी.( सी.एन.डी.) की मिस रुकैया को सम्मानित किया गया । शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को चरित्र निर्माण, शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर मीनू अग्रवाल, डॉक्टर राखी मित्तल, डॉक्टर चेतना ,डॉक्टर शिखा त्यागी, डॉक्टर नम्रता शर्मा, , डॉक्टर ईशा सचदेवा, राखी शर्मा, गायत्री और आशी का योगदान सराहनीय रहा।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति में लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाईः सीडीओ अभिनव गोपाल का सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया में शैक्षणिक संस्थानों की गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि छात्रवृत्ति प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले संस्थानों पर अब किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। मास्टर डाटाबेस को समय पर डिजिटली लॉक न करने वाले संस्थानों को आगामी दो दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी करनी होगी, अन्यथा उनके खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में खुलासा हुआ कि जनपद गाजियाबाद के 28 उच्च शिक्षण संस्थानों ने अब तक अपना छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस डिजिटली लॉक नहीं किया है, जबकि 104 शिक्षण संस्थानों ने संबंधित एफिलियेटिंग एजेंसी के स्तर पर मास्टर डाटाबेस लॉक ही नहीं कराया है। इस गंभीर लापरवाही के कारण हजारों छात्रों की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया बाधित हो गई है। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते डेटा लॉक नहीं किया गया तो अनेक छात्र इस योजना से वंचित रह सकते हैं।

सीडीओ ने यह भी बताया कि कई ऐसे संस्थान हैं जिनका मास्टर डाटा तो लॉक है, लेकिन वे अपने स्तर से छात्रों के आवेदनों को अग्रसारित (फॉरवर्ड) नहीं कर रहे हैं। यह भी छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित करने वाली गंभीर लापरवाही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों के नाम प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाएंगे। साथ ही, नियमों का पालन न करने वाले संस्थानों को ब्लैकलिस्ट कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे तत्काल अपनी एफिलियेटिंग एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर मास्टर डाटा लॉक कराएं। वहीं, जिन संस्थानों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है, वे अपनी लॉगिन आईडी पर लंबित सभी छात्रवृत्ति आवेदनों को अगले दो दिनों में अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि छात्रवृत्ति योजना सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है और इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनकी इस चेतावनी के बाद जनपद के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में हड़कंप मच गया है और संस्थान अब तेजी से प्रक्रिया पूरी करने में जुट गए हैं।

# डीजीआर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में डीजीआर पब्लिक स्कूल में भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में भाग लिया। जिनका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर पीयूष कुमार सिंह सम्मिलित हुए, जिन्होंने बच्चों को प्रेरक शब्दों के साथ आशीर्वाद दिया। समारोह में सुबेदार मेजर प्रेमानंद की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि की ।विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह और डायरेक्टर प्राधानाचार्या डॉ. सोनल चौधरी ने अपने सन्देश में बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, गीत, नाटक और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। खेल गतिविधियों का संचालन अतुल कुमार और कपिल द्वारा किया गया, जिनमें बच्चों ने खेल-कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आकर्षक और प्रभावी संचालन दीक्षा और आस्था ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन और प्रबंधन की जिम्मेदारी श्रीमती पूनम कुमारी और एन सी सी अधिकार सेकेंड ऑफिसर गुड्डू गुप्ता ने उत्कृष्ट रूप से निभाई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही, विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी समर्पित स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## पत्रकार की कलम को डराने की कोशिश

# दस मंजिला निर्मित अवैध बिल्डिंग के मालिक द्वारा पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी,, कोर्ट से केस वापस ना लेने पर गम्भीर परिणाम भुगतने की चेतावनी



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न-9811371054,9818951279

वेलकम इंडिया

गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर की कर्मचारी कॉलोनी में एसबीआई बैंक के सामने स्थित एक 10 मंजिला अवैध निर्मित इमारत जिसमें आकाश कोचिंग संस्थान संचालित करके सैकड़ो स्कूली बच्चों की जान को खुलेआम दाब पर लगाया जा रहा है जिसकी वन्दे राजस्थान अखबार में अनेकों बार जनहित में खबर प्रकाशन करने से एवं आमजन की ओर से माननीय दीवानी न्यायधीश महोदय एवं एसीजेएम गंगापुर सिटी के समक्ष दीवानी बाद एवं आपराधिक इस्तगासा भी दायर किया हुआ है जो विचाराधीन है,और साथ ही अन्य संबंधित अधिकारीयों के समक्ष शिकायतें भी की हुई हैं इन समस्त कार्यवाहियों से नाराज हो कर बौखलाते हुऐ इस अवैध इमारत के मालिक रंगलाल मीणा ने 12 नवंबर 2025 की सुबह 10 बजकर 56 मिनट पर मोबाइल नंबर 8005657883 से वन्दे राजस्थान के गंगापुर सिटी के रिपोर्टर को फोन पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी,जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी वन्दे राजस्थान के मुख्य कार्यालय एवं लीगल डिपार्टमेंट द्वारा अग्रिम कार्यवाही हेतु सुरक्षित रख ली गई है। अवैध निर्मित बिल्डिंग के मालिक रंगलाल मीणा द्वारा सुबह के समय पत्रकार को फोन पर गालियां देने एवं जान से मारने की धमकी देते हुए कोर्ट में दायर किए गए केसों को वापिस लेने का दबाव बनाते हुए बिल्डिंग मालिक द्वारा धमकियां दी गई, जिसके बाद शाम के समय बिल्डिंग मालिक रंगलाल मीणा उसके कुछ गुंडे साथियों को लेकर पत्रकार के घर तक पहुंच गया और पत्रकार की अनुपस्थिति में उसके पारिवारिक लोगो को केस वापस ना लेने पर जान से मारने,हाथ पैर तोड़ने,टक्कर देकर मरवाने,गंगापुर में रहना भुलाने एवं बलात्कार व अनुसूचित जाति जन जाति अधिनियम के झूठे केसों में फंसाने संबंधी अनेकों धमकियां देकर गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दे कर गया,पत्रकार के घर पहुंचने पर जब उसको अपने पारिवारिक लोगों से घटना का पता चला तो पत्रकार ने तुरंत 112 नम्बर पर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करवाई जिसको संभाग लेवल से उदेई मोड़ थाना गंगापुर सिटी के अधीन अभय कमांड को अग्रेषित किया गया। जिसके बाद अगले दिन सुबह 13 नवंबर को प्रार्थी ने व्यक्तिगत थाने में उपस्थित होकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है, और शिकायत की प्रतियां मुख्यमंत्री सहित जिला पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर को भी रजिस्टर्ड डॉक द्वारा भेजी हैं फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है थाना प्रभारी उदेई मोड़ द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा,वन्दे राजस्थान द्वारा महीनों से चल रहे इस अवैध निर्माण की खबरें प्रकाशित करके जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया था लेकिन भूमाफियाओं के सामने नगर परिषद के तमाम जिम्मेदारों की चल रही भ्रष्टाचार वाली लाचारी के चलते कोई कार्यवाही नही की गई, जिससे भूमाफियाओं के हौसले बुलंद है जिससे दुःखी होकर पत्रकार द्वारा स्वयं पक्षकार बन एक सिविल दावा भी कोर्ट में दायर किया है ,देश में हर रोज पत्रकारों पर हमले के मामले सामने आ रहे है, बता दें कि इस अवैध इमारत में गंगापुर सिटी की नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल द्वारा अपने बेटे से आकाश कोचिंग संस्थान संचालित करवाया जा रहा है इसलिए इस अवैध निर्माण को उनका राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण इस पर कोई कार्यवाही आज तक नहीं हो रही है।

पत्रकार शैलेंद्र शर्मा के अधिवक्ता एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया ने कहा है कि अवैध निर्माण को पत्रकार की आवाज दवा कर रोका नहीं जा सकता ना ही बचाया जा सकता है, देश में कानून और संविधान का राज है, हम हर स्तर पर उपरोक्त बाबत कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।अब देखना है कि कानूनी शिकंजे में फंसी यह आकाश कोचिंग संस्थान और यह अवैध बनी इमारत तथा इसके मालिक कब तक खैर बचते है।



# जनपद के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सरकारी योजनाओं और जनसमस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों सदर, मोदीनगर और लोनी में एक साथ सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जनसुनवाई का यह मंच एक बार फिर आम जनता की समस्याओं को सीधे उच्चाधिकारियों के सामने रखने का प्रमुख माध्यम बना। सभी तहसीलों में कुल 207 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 20 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सदर तहसील में मेरठ मण्डल के आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। यहाँ कुल 48 शिकायतें दर्ज हुईं, जिसमें 12 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनसामान्य की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जीडीए उपाध्यक्ष राजेश सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। मोदीनगर तहसील में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 103 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत जनता की उम्मीद और विश्वास से जुड़ी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही अस्वीकार्य है। इस अवसर पर एसडीएम अजीत सिंह, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार समेत अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम एल/ए विवेक मिश्र और संयुक्त मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल ने संयुक्त रूप से की। यहां कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस विभाग, नगर पालिका, तहसील प्रशासन तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तीनों तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने एकस्वर में यह दोहराया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। कुल 207 शिकायतों में से 20 का त्वरित निस्तारण प्रशासन की कार्यकुशलता का परिचायक रहा, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है।

## कौशांबी में हरित ऊर्जा की ओर बड़ा कदमः केबीसी बैंक्विट हॉल को आईजीएल गैस सप्लाई का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कौशांबी स्थित केबीसी बैंक्विट हॉल को आईजीएल पाइपलाइन से गैस सप्लाई का शुभारंभ किया गया। इस सुविधाजनक और पर्यावरण-हितैषी सेवा का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल तथा आईजीएल के एजीएम कपिल गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के अवसर पर केबीसी बैंक्विट हॉल के प्रबंधक सुनील यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए क्षेत्र में जनरेटर के उपयोग को कम कर द्धत्ररु गैस पर आधारित ऊर्जा प्रणाली को अपनाना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंक्विट हॉल में गैस सप्लाई जुडे से न केवल प्रदूषण में कमी आएगी बल्कि ऊर्जा की उपलब्धता स्थायी और सुरक्षित भी होगी। पार्षद कुसुम गोयल ने इस पहल के लिए सुनील यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कौशांबी में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना विकास की दिशा में सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जागरूक नागरिक, वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक प्रतिनिधि तथा पत्रकार मौजूद रहे। प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश, समाजसेवी पवन सैनी, शिक्षाविद उर्मिला अरोड़ा, व्यापारी एवं समाजसेवी मनीष जैन, वरिष्ठ पत्रकार राकेश जकेतिया, बंगाल समाज से गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, भाजपा नेत्री कामिनी भदौरिया, समाजसेवी श्यामवीर भदौरिया तथा दिनेश यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे कौशांबी के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम बताया। सभी ने पार्षद कुसुम गोयल एवं डॉ. मनोज गोयल द्वारा क्षेत्र में तेज गति से हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बिहार में मिली प्रचंड जीत की खुशी भी साझा की और एक-दूसरे को बधाई दी।

## जन सुरक्षा को मजबूत और आधुनकि पुलिसिंग के लिये कमिश्नरेट में दो चौकियों का नवनिर्माण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जन सुरक्षा को मजबूत करने एवं पुलिसिंग को आधुनिक बनाने के निरन्तर प्रयासों के अन्तर्गत थाना नंदग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद की चौकी गुलधर व थाना मधुबन बापूधाम कमिश्नरेट गाजियाबाद की चौकी दुहाई के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन केवश कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध एवं आलोक प्रियदर्शी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं यातायात कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा किया गया तथा उद्घाटन के दौरान धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त नगर, एस.डी. मिश्रा, मुख्य सुरक्षा आयुक्त एनसीआरटीसी एवं एनसीआरटीसी के अधिकारी व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को मिली दो नई चौकियाँ, कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ द्वारा पुलिस कमिश्नरेट को सुदृढ़ और अधिक प्रभावी बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम को आज और मजबूती मिली, जब सिटी जोन में दो नई पुलिस चौकियों का शुभारंभ किया गया। इन नई चौकियों के जुडे से न केवल क्षेत्र में पुलिस पहुंच और तेज होगी, बल्कि जनता की सुरक्षा व्यवस्था को भी नई धार मिलेगी। सिटी जोन में स्थापित इन दोनों चौकियों का उद्घाटन एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं अपराध केशव चौधरी, एडिशनल सीपी कानून-व्यवस्था एवं यातायात आलोक प्रियदर्शी तथा डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। पहली नई पुलिस चौकी नंदग्राम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलधर मेट्रो स्टेशन के पास स्थापित की गई है। यह स्थान लगातार बढ़ती आबादी और आवागमन के चलते पुलिस उपस्थिति की अत्यंत आवश्यकता वाला क्षेत्र था। इस चौकी के शुरू होने से क्षेत्र में सुरक्षा कवरेज और तेज प्रतिक्रिया क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। इसके बाद अधिकारियों ने मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में दुहाई गांव के पास बनाई गई नई पुलिस चौकी का भी विधिवत शुभारंभ किया। दुहाई क्षेत्र नित विकसित हो रहा है और यहां बढ़ते आवागमन एवं आबादी को देखते हुए इस चौकी की स्थापना लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी। नई चौकी से ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित होगा। उद्घाटन के दौरान एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय और एसएचओ नंदग्राम उमेश कुमार, एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य, एसओ मधुबन बापूधाम अखिलेश कुमार सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि नई चौकियाँ पुलिस की पहुंच को जमीनी स्तर पर बढ़ाकर अपराध नियंत्रण में बड़ी भूमिका निभाएँगी। साथ ही, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और गश्त को मजबूत करने में भी यह चौकियाँ बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगी। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से लगातार किए जा रहे विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रयासों ने गाजियाबाद में सुरक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा दी है। दो नई चौकियों की शुरूआत से सिटी जोन में पुलिस व्यवस्था और अधिक फुतीर्ली और प्रभावी होने की उम्मीद की जा रही है।

## एनसीआर में प्रतिबंध के बावजूद दौड़ रहीं बीएस-3 और 4 बसें

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** एनसीआर में खतरनाक होती वायु गुणवत्ता पर अंकुश लगाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने पुराने वाहनों पर प्रतिबंध की कठोर गाइडलाइन लागू की है, लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम गाजियाबाद रीजन अभी भी इन आदेशों का प्रभावी पालन नहीं कर पा रहा है। निगम के बेड़े में अब भी 300 से अधिक बीएस-3 और बीएस-4 बसें शामिल हैं, जिनका संचालन एनसीआर में सख़्त प्रतिबंध के बाद भी जारी है। इन बसों से बढ़ते प्रदूषण पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। एनसीआर में प्रदूषण के बड़े कारकों में पुराने डीजल वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोडवेज की बीएस-3 और 4 बसें भी इसमें शामिल हैं। बीते वर्ष अक्टूबर 2023 में सीएक्यूएम की परिवहन अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि इन बसों का संचालन एनसीआर में पूर्णतः बंद किया जाएगा। इनके स्थान पर बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद परिवहन विभाग ने अनुमति लेकर अस्थायी रूप से पुराने बस बेड़े को चलाया, लेकिन अब ग्रेप-तीन लागू होने के बाद भी इन वाहनों को नहीं हटाया गया है। दिल्ली से सटे क्षेत्रों में बीएस-3 और 4 बसों पर 8 नवंबर 2023 से प्रतिबंध लागू है। इसके तहत आनंद विहार से चलने वाली 50 से अधिक बसों को शिफ्ट कर कौशांबी डिपो से संचालित किया जा रहा है, जबकि एनसीआर क्षेत्र में केवल बीएस-6 बसों की एंट्री की अनुमति है। वर्तमान हालात बताते हैं कि इन बसों के रूट बदलकर भी कई वाहनों को व्यावहारिक रूप से एनसीआर के अंदर ही चलाया जा रहा है। दो वर्ष पहले गाजियाबाद रीजन में लगभग 500 बीएस-3 और 4 बसें थीं। करीब एक वर्ष में 200 बसों को हटाकर उनकी जगह नई बीएस-6 बसें शामिल की गई हैं तथा इनमें से बड़ी संख्या में पुरानी बसें नीलामी के लिए भेजी जा चुकी हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि शेष बसों को भी जल्द नीलाम कर दिया जाएगा।

## बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** शहर और ट्रांस हिंडन क्षेत्र के सात लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के लिए शनिवार का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। विद्युत निगम ने जोन-एक (गाजियाबाद शहर) और जोन-तीन (ट्रांस हिंडन) में बहुप्रतीक्षित वर्टिकल व्यवस्था लागू कर दी है, जिसके बाद उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी सभी सेवाएं अब पहले से अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होंगी। इस नई प्रणाली के तहत बिजली विभाग के सभी कार्य तकनीकी, वाणिज्यिक और परीक्षण सहित अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर दिए गए हैं। प्रत्येक श्रेणी की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी को सौंप दी गई है, ताकि उपभोक्ता को हर समस्या—चाहे वह नया कनेक्शन हो, बिल विवाद, मीटर खराबी या लाइन फाल्ट—का समाधान एक ही अधिकारी से मिल सके। अधिकारियों का दावा है कि इससे न केवल उपभोक्ता का समय बचेगा बल्कि जवाबदेही भी स्पष्ट रूप से तय होगी।

शहर में क्विक रिस्पांस वाहन भी तैनात किए गए हैं। बिजली गुल होने, ट्रिपिंग या आपातकालीन तकनीकी खराबी जैसी परिस्थितियों में ये वाहन तुरंत मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण करेंगे। अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने कहा कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा समय सीमा के भीतर मिलना सुनिश्चित होगा। वर्टिकल व्यवस्था को फिलहाल जोन-दो (लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर) में लागू नहीं किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अगले चरण में इसकी समीक्षा की जाएगी। नई व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पहलू फेसलेस समाधान प्रणाली है। उपभोक्ताओं को सामान्य सेवाओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। गाजियाबाद शहर में कुल चार और ट्रांस हिंडन क्षेत्र में सात हेल्प डेस्क बनाई गई हैं, जहां अलग-अलग श्रेणियों की समस्याओं का समाधान ऑनलाइन या फोन के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिना कार्यालय पहुंचे उनकी सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विद्युत निगम का यह भी कहना है कि नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी, जवाबदेही सुनिश्चित होगी और इसका किसी भी रूप में निजीकरण से कोई संबंध नहीं है। निगम के मुताबिक यह कदम उपभोक्ता हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का हिस्सा है।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कौशाम्बी थाना पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हृष्टक्र में सक्रिय एक कुख्यात लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है, जो लंबे समय से लूट, स्नैचिंग और चोरी जैसी घटनाओं में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, चोरी की स्कूटी और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिससे कई मामलों की गुत्थियाँ सुलझने की उम्मीद है।

घटना 14 नवंबर की है, जब पुलिस टीम यूपी गेट से सीमान्त विहार रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान काले रंग की एनटार्क स्कूटी पर सवार एक युवक को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन उसने पुलिस को देखकर वाहन मोड़कर नर्सरी के पीछे कच्चे रास्ते की ओर तेज रफ्तार से भागना शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने तुरंत पीछा किया। कुछ दूरी पर स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसके बाद बदमाश ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायर किया, जिससे आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फैसल उर्फ फैजान उर्फ सलमान (26) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जाफराबाद, दिल्ली का निवासी है और फिलहाल गौतमपुरी, न्यू उस्मानपुर में रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह लंबे समय से गाजियाबाद और एनसीआर में लूट, स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है।

## बाल दिवस पर वैशाली में मुस्कुराए नन्हे चेहरे बद्रीनाथ पार्क में बच्चों संग मनाया विशेष उत्सव

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बाल दिवस के अवसर पर सेक्टर-1 वैशाली स्थित बद्रीनाथ पार्क बच्चों की खिलखिलाती आवाजों और उत्साह से भर उठा, जब समाजसेवी ममता गर्ग द्वारा शनिवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों को समर्पित था, बल्कि समाज में शिक्षा और संवेदनशीलता के संदेश को आगे बढ़ाने का एक सशक्त प्रयास भी था। समाजसेवी ममता गर्ग पिछले कई वर्षों से 'शिक्षा मंदिर के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही हैं। उनकी इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए बाल दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में शामिल होकर बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पेन, पेंसिल, किताबें, कॉपियाँ और जूते वितरित किए गए। बच्चों को मिली यह सौगात उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक बनी।

## शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी को लेकर जिला प्रशासन से विशेष अनुरोध

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में परिषदीय शिक्षकों की बुनियादी मतदान अधिकारी (बीएलओ) ड्यूटी को लेकर शिक्षक संघ ने शनिवार को जिला प्रशासन से विशेष अनुरोध किया है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा और प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. अनुज त्यागी ने जिलाधिकारी महोदय से निवेदन किया है कि बीएलओ ड्यूटी में लगे सभी शिक्षकों की स्थिति का सहानुभूतिपूर्वक आकलन किया जाए और स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से ड्यूटी करने में असमर्थ शिक्षकों पर कोई कठोर विभागीय कार्रवाई या प्राथमिकी दर्ज करने से रोका जाए। शिक्षक संघ ने बताया कि जनपद में बड़ी संख्या में शिक्षक बीएलओ कार्य में लगाए गए हैं, जिससे विद्यालयों में शिक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अधिकांश शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभा रहे हैं और ड्यूटी में पूरी मेहनत कर रहे हैं। बावजूद इसके, कुछ शिक्षक अपने स्वास्थ्य, पारिवारिक और व्यक्तिगत कारणों से बीएलओ ड्यूटी नहीं कर पा रहे हैं। जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि जो शिक्षक वास्तव में ड्यूटी करने में असमर्थ हैं, उनके खिलाफ किसी प्रकार की कठोर कार्रवाई न की जाए। अधिकांश शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित हैं और यदि किसी को स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से कठिनाई हो रही है, तो उनकी स्थिति को समझा जाना चाहिए। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि हमारा निवेदन है कि जिला प्रशासन ऐसे शिक्षकों का प्रत्यावेदन लेकर उनके खिलाफ कार्यवाही को तत्काल रोके। शिक्षकों की स्थिति को समझकर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लिया जाना चाहिए। ऐसा करने से शिक्षकों का मनोबल बना रहेगा और शिक्षण कार्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। संघ ने इस अवसर पर जोर दिया कि बीएलओ ड्यूटी और शिक्षण कार्य के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की ड्यूटी में हो रही कठिनाई को नजरअंदाज करना न केवल उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी असर डालता है। शिक्षक संघ की प्रमुख मांगें कि जिनमें समस्याग्रस्त शिक्षकों का व्यक्तिगत आकलन करके निर्णय लिया जाए।